
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 338 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 8 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के गांधी मैदान में सम्राट कैबिनेट की विस्तार के मौके पर उपस्थित गणमान्य लोग

# बिहार में सम्राट सरकार का विस्तार

## भाजपा के 15, जदयू के 13, लोजपा (आर) के दो, हम (से) एवं रालोमो के एक-एक नेता बने मंत्री | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव हो चुका है। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब उनकी सरकार ने पहला बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार कर लिया है। गांधी मैदान में हुए भव्य शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ 32 नए मंत्रियों ने शपथ ली। अब मुख्यमंत्री समेत सम्राट सरकार की टीम पूरी तरह आकार ले चुकी है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कई बड़े एनडीए नेता इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को सम्राट चौधरी सरकार का पहला बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह समारोह राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया। सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में 32 नए मंत्रियों को शामिल किया गया। इस तरह मुख्यमंत्री और दो डिप्टी सीएम को मिलाकर कुल 35 सदस्यीय टीम तैयार हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को छोड़ दें तो मंत्रिमंडल में भाजपा और जेडीयू को बराबर-बराबर हिस्सेदारी मिली है। सहयोगी दलों-एलजेपी (रामविलास) को दो और हम-रालोमो को एक-एक मंत्री पद से संतोष करना पड़ा है। भाजपा कोटे से विजय कुमार सिन्हा, रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, दिलीप जायसवाल, केदार गुप्ता, मिथलेश तिवारी, रमा निषाद, प्रमोद चंद्रवंशी, लखेंद्र पासवान, संजय सिंह टाइगर, इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, नंद किशोर राम, रामचंद्र प्रसाद, अरुण शंकर प्रसाद और श्रेयसी सिंह ने शपथ ली। वहीं जदयू कोटे से पूर्व सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, मदन सहनी, लेसी सिंह, श्वेता गुप्ता, भगवान सिंह कुशवाहा, दामोदर रावत, बुलो मंडल (शैलेश कुमार), सुनील कुमार, शीला मंडल, रत्नेश सदा और जमा खान ने आज शपथ ली। दो डिप्टी सीएम विजय चौधरी और बिजेन्द्र यादव ने सम्राट चौधरी के साथ पहले ही शपथ ले चुके हैं। इसी प्रकार हम सेक्यूलर कोटे से जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन, आरएलएम कोटे से उपेन्द्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश और एलजेपी रामविलास पार्टी से दो मंत्री संजय कुमार सिंह और संजय कुमार पासवान ने शपथ ली। इस तरह अब सम्राट की सेना तैयार हो चुकी है। मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित, सवर्ण, अल्पसंख्यक और महिला प्रतिनिधित्व को संतुलित करने की कोशिश की गई। सीमांचल, मिथिलांचल, मगध, भोजपुर और तिरहुत जैसे क्षेत्रों को भी प्रतिनिधित्व देकर चुनावी संदेश देने की रणनीति अपनाई गई। इस विस्तार में भाजपा सबसे मजबूत स्थिति में नजर आई। भाजपा को 15 मंत्री पद मिले जबकि जदयू को 13 मंत्री नए और दो डिप्टी सीएम (सम्राट के साथ पहले शपथ ले चुके हैं) मिलाकर 15 मंत्री पद मिले। इससे साफ संकेत मिला कि नई सरकार में भाजपा की भूमिका और प्रभाव पहले से अधिक मजबूत हुआ है। बिहार की जनता अब सिर्फ राजनीतिक समीकरण नहीं बल्कि काम देखना चाहती है। बेरोजगारी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था और निवेश जैसे मुद्दों पर नई सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। सम्राट चौधरी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि राजनीतिक संतुलन के साथ प्रशासनिक परिणाम भी दिखाई दें।






# मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा

## निशांत कुमार को स्वास्थ्य तो श्रवण कुमार को मिला ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन संपर्क विभाग का दायित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के 22 दिन बाद गुरुवार को सम्राट कैबिनेट का विस्तार कर उनके बीच विभागों का वितरण कर दिया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह विभाग समेत छह विभाग अपने पास रखे हैं। डिप्टी सीएम बिजेंद्र प्रसाद यादव को वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है जबकि विजय कुमार चौधरी जल संसाधन विभाग संभालेंगे। वहीं नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग सौंपा गया है। निशांत पहली बार मंत्री बने हैं और फिलहाल किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिथिलेश तिवारी संभालेंगे। शिक्षा विभाग पहली बार भाजपा के खाते में गई है। जानकारी के अनुसार सम्राट चौधरी ने अपने पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, सिविल विमानन के साथ ऐसे सभी विभाग रखें हैं जो किसी को आवंटित नहीं हैं। वहीं विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त, वाणिज्य-कर, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन संपर्क, विजय कुमार सिन्हा को कृषि, डॉ दिलीप कुमार जायसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार, निशांत कुमार को स्वास्थ्य, लेशी सिंह को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, राम कृपाल यादव को सहकारिता, नीतीश मिश्रा को नगर विकास एवं आवास, सूचना प्रावैधिकी एवं दामोदर रावत को परिवहन विभाग की जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं संजय सिंह टाइगर को उच्च शिक्षा, विधि, अशोक चौधरी को भवन निर्माण, भगवान सिंह कुशवाहा को योजना एवं विकास, अरुण शंकर प्रसाद को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास, मदन सहनी को मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन, डॉ संतोष कुमार सुमन को लघु जल संसाधन, रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, रत्नेश सादा को आपदा प्रबंधन, कुमार शैलेन्द्र को पथ निर्माण, शीला कुमारी को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, केदार प्रसाद गुप्ता को पर्यटन, लखेन्द्र कुमार रौशन को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सुनील कुमार को ग्रामीण कार्य, श्रेयसी सिंह को उद्योग, खेल, मो. जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण, नन्दकिशोर राम को डेयरी, मत्स्य पशु संसाधन, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को ऊर्जा, डॉ प्रमोद कुमार को खान एवं भूतत्व, कला एवं संस्कृति, श्वेता गुप्ता को समाज कल्याण, मिथिलेश तिवारी को शिक्षा, डॉ रामचन्द्र प्रसाद को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, संजय कुमार को गन्ना उद्योग एवं दीपक प्रकाश को पूर्व की तरह इस बार भी पंचायती राज विभाग का दायित्व सौंपा गया है।

# बंगाल विधानसभा भंग, ममता बनर्जी समेत पूरा मंत्रिमंडल बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल ने गुरुवार को बंगाल विधानसभा को भंग कर दिया। राज्यपाल रवि नारायण ने भारतीय संविधान के अनुसार पिछली सरकार को भंग कर दिया। जानकारी मिली है कि उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (2) के उपखंड (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा को भंग करने का आदेश दिया है। मुख्य सचिव दुष्मंत नारियाला ने इस संबंध में पहले ही एक बयान जारी कर दिया है। राज्यपाल ने राज्य मंत्रीपरिषद को भी बर्खास्त कर दिया है। अगले दो दिनों तक राज्यपाल राज्य का कार्यभार संभालेंगे। राज्यपाल के इस निर्णय के परिणामस्वरूप, पश्चिम बंगाल की 17वीं विधानसभा का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया है। यह स्पष्ट है कि नव निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ 18वीं विधानसभा के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस बीच, निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफ़े का मुद्दा उठने से पहले ही अपना गुस्सा जाहिर किया था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि हम हारे नहीं हैं। हमसे 100 सीटें छीन ली गई हैं। यही कारण है कि वे इस्तीफा देने की अपनी अनिच्छा को लेकर भी मुखर हैं। सोशल मीडिया पर राजनीतिक गलियारों में इस मुद्दे पर काफी चर्चा हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार ने अंचलाधिकारियों (सीओ) के बाद राजस्व कर्मियों को भी मना लिया है। बीते 86 दिनों से जारी राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त कर दी गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह के साथ हुई वार्ता के बाद राजस्व कर्मचारियों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। राजस्व कर्मी 17 सूत्री मांगों को लेकर बीते 9 ते फरवरी से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर थे।

### पंचायत सचिव की सेवा समाप्त

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्टाचार और सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ताजा मामले में जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोरे प्रखंड के तत्कालीन पंचायत सचिव अभय कुमार गुप्ता को सरकारी सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। इस कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन और प्रखंड कार्यालयों में हड़कंप मच गया है।

### जदयू विधायक के भाई के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में हथुआ प्रखंड के नया गांव तुलसिया में जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पांडेय के भाई सतीश पांडेय के पैतृक आवास पर पुलिस ने इश्तेहार चिपका दिया है। पुलिस टीम ने डुगडुगी बजाकर यह कार्रवाई की। यह कदम कुचायकोट के बेलवा इलाके में करीब 16 एकड़ कीमती जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में उठाया गया है। इस गंभीर भूमाफिया मामले में जदयू विधायक पप्पू पांडेय, उनके भाई सतीश पांडेय और चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल तिवारी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

### वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखने पर लगेगा जुर्माना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** परिवहन विभाग ने राज्य के वाहन मालिकों के लिए महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यदि वाहन पर जाति सूचक स्लोगन, शब्द या स्टीकर लगे हैं तो उन्हें तुरंत हटा लें वरना जुर्माना वसूला जाएगा। परिवहन विभाग ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी वाहन मालिक एक महीने के अंदर अपने वाहनों से ऐसे जाति सूचक शब्द या स्टीकर हटा लें। विभाग के अनुसार एक महीने की अवधि समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर इसकी सख्ती से जांच की जाएगी।

# मिड-डे मील में मिला सांप का बच्चा, 250 छात्र बीमार

**सहरसा (नबिटा ब्यूरो)।** महिषी प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विधालय बलुआहा में बच्चों के मिड-डे-मील में सांप का बच्चा पाया गया है। गुरुवार को मिड-डे मील खाने के बाद 250 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गए। बच्चों को पेट दर्द, उल्टी, चक्कर और बेचैनी की शिकायत हुई जिसके बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। सभी बीमार बच्चों को तुरंत इलाज के लिए महिषी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। पांचवीं कक्षा के छात्र रोहित कुमार ने बताया कि उसने सुबह करीब 10 बजे स्कूल में चावल-दाल का भोजन किया था। खाना खाने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत खराब होने लगी। उसने बताया कि उसे पेट में तेज दर्द और उल्टी हुई और चक्कर आने लगा। वहीं सातवीं कक्षा की छात्रा शिवानी ने भी बताया कि भोजन के बाद कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सिविल सर्जन डॉ. राजनारायण प्रसाद ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ महिषी पहुंचकर बच्चों के इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की कोई बात नहीं है।

# सम्राट कैबिनेट में सात नए चेहरे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सम्राट कैबिनेट में सात नए चेहरों को शामिल किया गया है। आज गांधी मैदान में नए मंत्रियों ने शपथ ग्रहण किया। सम्राट कैबिनेट में जिन सात चेहरों को जगह दी गई, उनमें निशांत कुमार, बुलो मंडल, श्वेता गुप्ता, मिथिलेश तिवारी, रामचंद्र प्रसाद, नंद किशोर राम और कुमार शैलेंद्र का नाम शामिल है। निशांत कुमार बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार के बेटे और जेडीयू नेता हैं और इन्हें पहली बार कैबिनेट में शामिल किया गया। निशांत की उम्र 44 साल है। उन्होंने बीआइटी मेसरा से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। निशांत कुमार को 'लो-प्रोफाइल' व्यक्ति माना जाता है। वह निजी जीवन जीने की आदि रहे हैं। दो महीने पहले ही वे जेडीयू में शामिल हुए थे। वहीं शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल गोपालपुर सीट से विधायक हैं। इनकी उम्र 49 साल है। बुलो मंडल भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से संसद सदस्य भी रह चुके हैं। दो साल पहले वे राजद छोड़कर जेडीयू में शामिल हुए थे। अब पहली बार उन्होंने कैबिनेट में मंत्री बनाया गया है। शिवहर विधानसभा सीट से पहली बार चुनाव जीती जदयू की श्वेता गुप्ता पेशे से एमबीबीएस डॉक्टर हैं। ये पहली बार विधायक बनी हैं। 45 साल की जाति से वैश्य श्वेता गुप्ता की सामाजिक कार्यों में रूचि रही है। इनके पति वरुण कुमार भी डॉक्टर हैं। मूलरूप से सीतामढ़ी जिले की रहने वाली हैं। वहीं मिथिलेश तिवारी भाजपा के जाने-माने चेहरे में शामिल हैं। गोपालगंज के बैकुंठपुर सीट से विधायक हैं। 2015 में वह पहली बार विधायक बने थे। बीजेपी के साथ वे काफी लंबे समय से जुड़े हैं। मिथिलेश तिवारी ब्राह्मण जाति से आते हैं। ऐसे में अब पहली बार कैबिनेट में मंत्री बने हैं। दरभंगा जिले के हायाघाट विधानसभा सीट से रामचंद्र प्रसाद विधायक हैं। 2020 से लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। इन्होंने पीएचडी की है। जिला परिषद से रामचंद्र प्रसाद ने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। साथ ही ये भाजपा के काफी अनुभवी नेता माने जाते हैं। वहीं नंद किशोर राम पश्चिम चंपारण जिले की रामनगर (सुरक्षित) विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्होंने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। नंद किशोर राम पहली बार विधायक बने हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा नेता भागीरथी देवी का टिकट काटकर नंद किशोर राम को मौका दिया था। इसी प्रकार भागलपुर जिले के बिहपुर विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव जीते कुमार शैलेंद्र पहली बार मंत्री बने हैं। साठ साल के कुमार शैलेंद्र पेशे से इंजीनियर हैं। 1991 में सिविल इंजीनियरिंग की। बिहार के 74 साल के चुनावी इतिहास में बिहपुर से लगातार तीसरी बार (2025) जीत दर्ज की थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने सफलता प्राप्त की थी। वे एक पेशेवर इंजीनियर हैं और अपनी मजबूत स्थानीय पकड़ के लिए जाने जाते हैं।

# हल्दी रस्म के बीच सर्पदंश से दूल्हे की मौत


**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हे को सांप ने डंस लिया जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार असरगंज थाना क्षेत्र के बड़ी कोरियन गांव में बुधवार को 24 वर्षीय नीरज कुमार की शादी की रस्में चल रही थीं। घर में हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम चल रहा था और शादी की तैयारियां जोर-शोर से हो रही थीं। बताया जा रहा है कि इसी दौरान नीरज के मोबाइल पर किसी का फोन आया। फोन पर बात करते हुए वह घर से बाहर निकला तभी किसी विषैले सांप ने उसे डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत असरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नीरज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में शहनाइयां गूंजने वाली थीं वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा हुआ है।

# इशांक सिंह ने रोशन किया देश व प्रदेश का नाम : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची के सात वर्षीय बाल तैराक इशांक सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इशांक सिंह को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 5 लाख रुपये का चेक, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बाल तैराक को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि इशांक सिंह ने 30 अप्रैल 2026 को लगातार 9 घंटे 50 मिनट तक तैरकर श्रीलंका-भारत के बीच स्थित चुनौतीपूर्ण पाल्क स्ट्रेट के 29 किलोमीटर लंबे समुद्री मार्ग को पार कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। इतनी कम उम्र में इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद इशांक सिंह को विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इशांक सिंह ने अपने साहस, अनुशासन और कठिन परिश्रम से पूरे झारखंड का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल इशांक सिंह के परिवार के लिए नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है और राज्य सरकार उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की खेल नीति का लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, संसाधन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इशांक सिंह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम ऊंचा करेंगे। सीएम ने कहा कि इशांक सिंह जैसे प्रतिभाशाली बच्चों की सफलता अन्य खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को हर संभव सहायता और बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगी, ताकि वे अपनी प्रतिभा को और निखार सके। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेल विभाग के अधिकारियों से राज्य में तैराकी से जुड़ी सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आने वाले दिनों में तैराकी प्रशिक्षण और उससे जुड़ी आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि राज्य के उभरते खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सके।




CMYK

# जनसंपर्क के बल पर राज्य की राजनीति में श्रवण कुमार की अपनी अलग पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार की राजनीतिक यात्रा संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की एक प्रेरक मिसाल मानी जाती है। श्री कुमार ने संगठन और जनसंपर्क के बल पर राज्य की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने विधायक से लेकर मंत्री तक का लंबा राजनीतिक सफर तय किया है और कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उन्होंने आज राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मंत्री पद की शपथ ली। बिहार के नालंदा जिले में जन्मे श्री कुमार की राजनीतिक यात्रा की शुरुआत वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन से हुई। इस आंदोलन में नीतीश कुमार भी शामिल थे। तभी से नीतीश कुमार और श्रवण कुमार के बीच रिश्ते प्रगाढ़ हुए जो अभी तक बरकरार हैं। श्रवण कुमार ने हजारीबाग जेल में जननायक कर्पूरी ठाकुर के सानिध्य में उन्होंने राजनीति के गुर सीखे। वर्ष 1985 में उन्होंने नालंदा विधानसभा सीट से लोकदल के टिकट पर अपना पहला चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उस चुनाव में उन्हें 2490 मत प्राप्त हुए थे। हार के बाद वे कुछ समय तक कर्पूरी ठाकुर से नहीं मिले, लेकिन बाद में जब जननायक ने उन्हें बुलाया तो उन्होंने उन्हें महत्वपूर्ण सीख दी कि पार्टी टिकट केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि नेता बनाने के लिए दिया जाता है। यह मार्गदर्शन उनके राजनीतिक जीवन में निर्णायक साबित हुआ। वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन इस बार भी उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद वर्ष 1994 में जब नीतीश कुमार और जॉर्ज फर्नांडीज ने अलग राजनीतिक राह चुनी तो श्रवण कुमार ने जनता दल से इस्तीफा देकर नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था जताई। वर्ष 1995 के नालंदा विधानसभा चुनाव में श्रवण कुमार ने नालंदा विधानसभा से समता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने 2000, फरवरी 2005,अक्टूबर 2005, वर्ष 2010, वर्ष 2015 वर्ष 2020 और 2025 में लगातार इस सीट से जीत दर्ज की। वर्ष 2005 में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद श्रवण कुमार जदयू के मुख्य सचेतक भी रहे। उन्होंने कई विभाग में मंत्री की जिम्मेदारी संभालते हुए प्रशासनिक अनुभव हासिल किया। मंत्री रहते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, सड़क और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में माने जाने वाले श्रवण कुमार संगठन और सरकार दोनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सदन में शांत लेकिन प्रभावी शैली और प्रशासनिक अनुभव के कारण पार्टी नेतृत्व लगातार उन पर भरोसा जताता रहा है। हाल ही में श्रवण कुमार को बिहार में जदयू विधायक दल का नया नेता चुना गया है। सम्राट मंत्रिमंडल में एक बार फिर मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद श्रवण कुमार बिहार की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार हैं। जमीनी पकड़, संगठनात्मक अनुभव और लंबे राजनीतिक सफर ने उन्हें राज्य की राजनीति का अहम चेहरा बना दिया है।

# इंजीनियर से मंत्री बने निशांत कुमार, सक्रिय राजनीति में नई पारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने बिहार सरकार में पहली बार मंत्री पद की शपथ लेकर अपने सियासी सफर के शानदार शुरुआत की। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित समारोह में निशांत कुमार ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से मंत्री पद की शपथ ली। निशांत कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट कैरेंस स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद मानव भारती इंटरनेशनल स्कूल, मसूरी में अध्ययन किया तथा बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। निशांत कुमार की माता मंजू सिन्हा का वर्ष 2007 में निधन हो गया था। उस समय उन्होंने स्पष्ट कहा था कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं है और वे आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं। लंबे समय तक वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में कम ही दिखाई दिए। हालांकि वर्ष 2024 के बाद उन्होंने अपने पिता के साथ कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेना शुरू किया। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले भी वे कई बार मीडिया के सामने आए और लोगों से अपील की थी कि वे नीतीश कुमार को समर्थन दें। इसी वर्ष आठ मार्च को उन्होंने औपचारिक रूप से जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद निशांत कुमार ने सक्रिय राजनीति में कदम बढ़ाया और हाल ही में पश्चिमी चंपारण से 'सद्भाव यात्रा' की शुरुआत की। राजनीतिक गलियारों में चर्चा रही कि निशांत कुमार शुरुआत में सरकार में शामिल होने को लेकर इच्छुक नहीं थे, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने के बाद वे मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए तैयार हुए। निशांत कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल होने को जदयू में नई पीढ़ी की एंट्री और पार्टी के भविष्य की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है।

# गन्ना मूल्य में मामूली वृद्धि पर किसान मोर्चा नाराज

## एफआरपी को बताया किसानों के साथ विश्वासघात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पेराई सत्र 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा गन्ना मूल्य के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में मात्र 10 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि किए जाने पर बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मोर्चा ने इसे किसानों के साथ बड़ा धोखा और 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान बताया है। मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह, महासचिव डॉ. आनंद किशोर तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जालंधर यदुवंशी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप कृषि उपज का डेढ़ गुना मूल्य देने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर लगातार गन्ना मूल्य में नाममात्र की वृद्धि कर किसानों की उपेक्षा की जा रही है। नेताओं ने कहा कि वर्ष 2024-25 में गन्ना मूल्य में 20 रुपये, वर्ष 2025-26 में 15 रुपये और अब वर्ष 2026-27 में मात्र 10 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि किसानों के साथ घोर अन्याय है। उनका आरोप है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग बढ़ती मजदूरी, कीटनाशक एवं उर्वरकों की बढ़ती कीमत, बिजली और डीजल दरों में वृद्धि से बढ़े सिंचाई खर्च, गन्ना कटाई, ढुलाई और लदाई लागत की सही समीक्षा नहीं करता और चीनी मिल मालिकों के हित में मूल्य की अनुशंसा करता है। मोर्चा नेताओं ने कहा कि आयोग में किसानों का प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण गन्ना उत्पादन की वास्तविक लागत को नजरअंदाज किया जाता है। उनका दावा है कि वर्तमान समय में गन्ना उत्पादन की वास्तविक लागत करीब 700 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच चुकी है। उन्होंने राज्य सरकार पर भी समर्थन मूल्य तय करने में किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री से स्वयं हस्तक्षेप कर गन्ना मूल्य के एफआरपी का पुनर्निर्धारण करने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि किसानों को न्यायपूर्ण और लाभकारी मूल्य नहीं मिलने से वे घाटे की खेती करने को मजबूर हैं और अब आंदोलन के लिए बाध्य हो रहे हैं। मोर्चा ने केंद्र सरकार से अविलंब गन्ना मूल्य पर पुनर्विचार करते हुए इसे कम से कम 700 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की है।

# नवनियुक्त मंत्री दामोदर रावत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के नवनियुक्त मंत्री व झाझा से विधायक दामोदर रावत के फिर से बिहार सरकार मंत्री बनने पर उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। पार्टी के कार्यकताओं ने श्री रावत का ढोल व बाजे के साथ दी गयी। मंत्री बनने पर उनके आवास पहुंचे अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने बताया कि पहले से मंत्री रहे दामोदर रावत के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा साथ ही इनको आवंटित परिवहन विभाग के कार्यकलापों में भी तेजी आयेगी। उनका स्वागत करने वालों में जितेन्द्र पटेल, सीमा पटेल, तप्पू सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान मंत्री ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

# सनातनमय हुआ पीएम नरेंद्र मोदी का रोड शो

## प्रो रणबीर नंदन के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार कर साधुओं, संतों ने दिया नए मंत्रिमंडल को आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में नई सरकार के मंत्रिपरिषद विस्तार में शामिल होने पटना पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो उस समय पूरी तरह सनातन मय दिखा जब भाजपा कार्यालय के सामने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के मंच पर बिहार के विभिन्न मठ मंदिरों से आए साधु संतों ने राम नाम का हरिकीर्तन कर नए मंत्रिमंडल को आशीर्वाद दे रहे थे। इस दौरान रोड शो में बिहार के हजारों की संख्या में साधु संत पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बनी सनातनी सरकार को आशीर्वाद दे रहे थे। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने कहा कि बिहार सनातनियों का गढ़ रहा है और बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनने से सनातनियों में नई उम्मीद जगी है और बिहार में नई वैदिक संस्कृति का विकास होगा। उन्होंने कहा कि अब गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की सरकार है जिससे देश में अब मठ मंदिरों में सनातन संस्कृति का विकास तेजी से होगा। इस मौके पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राधा कुंज बिहारी मठ, सनातन वेदांत फाउंडेशन सहित कई कबीर मठ सामाजिक संगठन के साधु, संतों ने भगवान का कीर्तन कर कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया। इस मौके बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य हिमराज राम, सदस्य अभिमन्यु कुमार सिंह, न्यास पर्षद के अधिकारी, तुषार कांति, तुलस्यान, रंजन प्रियदर्शी, चौधरी, सुनील कुमार सिंह, राजू चंद्रवशी, बी के सत्येंद्र सहित हजारों की संख्या में साधु महात्मा शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

# पंचायत स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली' के प्रावधानों के अनुपालन हेतु प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 के कार्यान्वयन हेतु सभी हितधारकों के लिए एक विस्तृत निर्देश जारी किया गया है जिसका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। जारी आदेश में कहा गया है कि इन नियमों का पालन न करना केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं माना जायेगा बल्कि तीन स्तरों पर प्रवर्तन हेतु किए गए प्रावधान के अंतर्गत जो पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगे, उन पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

ज्ञात हो कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 जनवरी, 2026 को 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 2016 से लागू नियमावली के स्थान पर 'ठोस अपशष्टि प्रबंधन नियमावली, 2026' अधिसूचित किया गया है जो पूरे देश में 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी है।

# चोला एमएस ने एंबुलेंस दान कर आपातकालीन व्यवस्था को किया मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत पटना में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस दो विंगर एंबुलेंस दान की है। यह पहल इंडियन हेड इंजरी फाउंडेशन के सहयोग से लागू की गई है। इन एंबुलेंस का औपचारिक शुभारंभ आज शाम पटेल भवन में किया गया। बीएलएस से सुसज्जित इन वाहनों को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने के लिए बिहार ट्रैफिक पुलिस को सौंपा गया है। फ्लैग-ऑफ समारोह में कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें बिहार पुलिस के डीजीपी विनय कुमार, एडीजी ट्रैफिक सुधांशु कुमार, आईएचआईएफ का प्रतिनिधित्व कर रहे एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कमोडोर रणबीर तलवार, चोला एमएस के मैनेजिंग डायरेक्टर वी. सूर्यनारायणन तथा चोला एमएस के चीफ कंप्लायंस ऑफिसर महेंद्र त्रिपाठी शामिल थे। इस अवसर पर आईएचआईएफ टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने चोला एमएस के इस योगदान की सराहना की और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं से आगे बढ़कर आपातकालीन चिकित्सा सहायता को मजबूत करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर चोला एमएस के प्रबंध निदेशक वी. सूर्यनारायणन ने कहा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व चोला एमएस की मूल भावना का अभिन्न हिस्सा है। मुरुगप्पा समूह का हिस्सा होने के नाते, समाज को वापस देना हमारी संस्कृति में शामिल है। ये एंबुलेंस सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के प्रति चोला एमएस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की उसकी व्यापक दृष्टि को प्रतिबिंबित करती है।

# संगठन सृजन साथी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस की बैठक 12 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में आगामी 12 मई 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, कनेक्ट सेंटर से जुड़े पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश में 'संगठन सृजन साथी' लक्ष्य अभियान को सामूहिक नेतृत्व के माध्यम से धरातल पर उतारना और उसे पूर्ण रूप से सफल बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना एवं बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह बैठक संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई ताकत देने का अभियान है। कांग्रेस पार्टी गांव, पंचायत और समाज के सभी वर्गों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

## बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने नए मंत्रियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

# मंत्रिमंडल में सभी समाज को मिला प्रतिनिधित्व : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने नए मंत्रियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी जनसेवा से 'विकसित बिहार' के लक्ष्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल सभी सदस्यों का अनुभव और कर्तव्यपरायणता से बिहार के विकास की राह और मजबूत होगी तथा यह प्रदेश विकास और सुशासन में नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। उन्होंने नई जिम्मेदारी के लिए सभी की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि इस मंत्रिमंडल में अनुभवी नेताओं और युवा जोश की भागीदारी है तो आधी आबादी को भी उचित प्रतिनिधित्व देकर सम्मान दिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंत्रिमंडल में समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनधित्व दिया गया है। युवाओं की भागीदारी से नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में ये सरकार विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के संकल्प को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाते हुए बिहार को प्रगति, समृद्धि और नए कीर्तिमानों की ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बिहार मजबूती और विकास के साथ आगे बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है, चाहे वह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार हो या सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार। हम हर तरह से पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, और नया मंत्रिमंडल प्रदेश की तरक्की को तेज़ी से बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेगी। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति को उन्होंने ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# ईसीआर डब्ल्यूडब्ल्यूओ, दानापुर का महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में सराहनीय प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दानापुर।** ईसीआर डब्ल्यूडब्ल्यूओ, दानापुर की अध्यक्षा निशी देव के मार्गदर्शन में सृजन प्रेक्षा गृह, रेलवे स्कूल में महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता को समर्पित एक सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ईसीआर डब्ल्यूडब्ल्यूओ, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह थीं। उनके गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान किया। इस अवसर पर छात्राओं की सुविधा एवं जागरूकता को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। साथ ही छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त डॉ. श्रेया द्वारा पीरियड्स जागरूकता एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एक अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं प्रेरणादायक टॉक शो आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आवश्यक सावधानियों के विषय में सरल एवं उपयोगी जानकारी दी गई। छात्राओं द्वारा इस विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई जिसने सभी उपस्थित लोगों को जागरूकता एवं संवेदनशीलता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। रेलवे की कर्मचारी श्वेता ने 'शक्ति' को दर्शाती हुई एक बेहतरीन एवं भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति दी जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पैड के पैकेट वितरित किए गए। विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं शिक्षकगण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। ईसीआर डब्ल्यूडब्ल्यूओ, दानापुर की सचिव आराधना एवं कोषाध्यक्ष स्वाति की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम ईसीआर डब्ल्यूडब्ल्यूओ, दानापुर की समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का एक सराहनीय प्रयास रहा।

# इएसआइसी मेडिकल कॉलेज, बिहटा में 40 वर्ष के श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहटा (पटना)।** इएसआइसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा के ऑडिटोरियम में 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क 'वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम द्वारा देश के 12 विभिन्न स्थानों पर एक साथ इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद (भा.प्र.से.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बिहार के श्रमायुक्त राजेश भारती ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विदित हो कि नवंबर 2025 में अधिसूचित श्रम संहिताओं के अंतर्गत, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता 2020 की धारा 6(1)(ए) के तहत अब प्रत्येक नियोक्ता के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वह अपने 40 वर्ष से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करे।

# बिहार के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों को मंगल पांडेय ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बिहार के एनडीए सरकार में नवगठित ''नवगठित मंत्रिमंडल'' में शपथ ग्रहण करने वाले सभी मंत्रियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सभी मंत्री अब बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तन्मयता और जोर-शोर से कार्य करेंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के मंत्र को साधेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह टीम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार को विकास के नए आयाम पर ले जाएगी। उन्होंने नवगठित मंत्रिपरिषद की संरचना को उचित 'सामाजिक समीकरण को साधने वाला मंत्रिमंडल' करार दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विशेष रूप से पिछड़े वर्ग, अति पिछड़े वर्ग और दलित समाज के प्रतिनिधियों को मंत्रिमंडल में समुचित स्थान देकर एक ऐतिहासिक और सकारात्मक संदेश दिया है।

# विक्रमशिला सेतु से शीघ्र यातायात बहाली को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी

## सचिव ने बीआरओ और आइआइटी की टीम के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न स्थिति और यातायात को पुनः सुचारू रूप से बहाल करने के उद्देश्य से आज पथ निर्माण विभाग के सभागार में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विक्रमशिला सेतु की जांच, स्ट्रक्चर की स्थिति, क्षतिग्रस्त हिस्सा की मरम्मत करते हुए सेतु से शीघ्र यातायात बहाल करने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। उक्त बैठक में बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की टीम, आईआईटी पटना की टीम, पुल तकनीकी विशेषज्ञ आलोक भौमिक एवं विभाग के वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में सचिव पंकज कुमार पाल ने विक्रमशिला सेतु के एक स्पैन से उत्पन्न समस्याओं, वैकल्पिक यातायात व्यवस्था, समस्याओं के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सचिव को क्षतिग्रस्त हिस्से के मेंटेनेंस करने, डिजाईन, टाइमलाइन, यातायात को सेतु से बहाल करने की जानकारी दी गई। बेली ब्रिज एवं ट्रस ब्रिज बनाने जैसे महत्वपूर्ण उपायों पर चर्चा की गई ताकि तत्काल रूप से विक्रमशिला सेतु से यातायात पुनर्स्थापन हो सके।

# सूर्यपुरा में कचरा प्रबंधन पर बीडीओ सख्त

## हफ्ते भर में डब्ल्यूपीएयू चालू करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/सूर्यपुरा (रोहतास)।** सूर्यपुरा प्रखंड में स्वच्छता अभियान की धीमी गति और कचरा निस्तारण की बदहाल व्यवस्था पर बीडीओ तेज बहादुर सुमन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (डब्ल्यूपीएयू) के बंद पड़े होने पर नाराजगी जताते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। स्वच्छता समन्वयक श्रीकृष्ण सिंह के साथ बैठक में बीडीओ के द्वारा पाया गया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का काम बेहद सुस्त है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई डब्ल्यूपीएयू इकाइयां ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति की लापरवाही के कारण बेकार पड़ी हैं। नियम कहता है कि घर-घर से उठाए गए गीले कचरे से इन इकाइयों में जैविक खाद बनाई जाए। इस खाद को बेचकर पंचायत की आमदनी बढ़ाई जा सकती है, लेकिन फिलहाल पूरी योजना ठप पड़ी है। जानकारी के अनुसार बीडीओ ने स्वच्छता पर्यवेक्षकों, मुखिया और पंचायत सचिवों को आदेश दिया कि सात दिन के अंदर हर हाल में डब्ल्यूपीएयू चालू करें। इसके लिए सभी पैडल रिक्शा व ई-रिक्शा ठीक कराकर डोर-टू-डोर कचरा उठाव नियमित शुरू करें। उन्होंने साफ कहा कि तय समय में काम नहीं सुधरा तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला पदाधिकारी और पंचायती राज विभाग को लिखा जाएगा। सभी मुखियाओं को लिखित आदेश भी भेज दिया गया है। बैठक में बलिहार मुखिया रंजीत कुमार, सूर्यपुरा मुखिया प्रमोद कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक रंजन कुमार, बंधु कुमार, पप्पू कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ की इस सख्ती के बाद अब पंचायतों में कचरा प्रबंधन में सुधार की उम्मीद जगी है। अगर इकाइयां शुरू होती हैं तो न सिर्फ गंदगी से निजात मिलेगी, बल्कि जैविक खाद से पंचायत को अतिरिक्त आय भी होगी।

## जमा खान ने पांचवीं बार ली मंत्री पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बिहार की राजनीति में गुरुवार को एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री के भरोसेमंद चेहरों में शामिल जमा खान का दबदबा देखने को मिला। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में जमा खान ने पांचवीं बार मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में सरकार और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सुबह से ही जमा खान के आवास पर उत्साह का माहौल रहा। समर्थकों का तांता लगा रहा और लोग उन्हें बधाई देने पहुंचते रहे। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने और चेहरे पर अपनी चिर-परिचित मुस्कान के साथ जमा खान ने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। उनके आवास के बाहर फूल-मालाओं और नारों के बीच समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया।

## सासाराम व डिहरी में नौ को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास के तत्वावधान में 9 मई 2026 को व्यवहार न्यायालय सासाराम सहित अनुमंडल न्यायालय बिक्रमगंज एवं डिहरी-ऑन-सोन परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा जिसे लेकर गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन एवं अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास ललित भूषण रंजन द्वारा हरी झंडी दिखाकर तीनों अनुमंडल क्षेत्र में जागरूकता व प्रचार रथ रवाना किया गया। मौके पर सचिव कुमार कृष्णदेव, डीटीओ राकेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन, एसडीपीओ वन दिलीप कुमार मौजूद रहे। बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य मामले, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, बिजली-पानी बिल विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता मामले, राजस्व मामले, ई-चालान सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। 18 बेंच के तहत सुलहनीय वादों को निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों के शीघ्र एवं निःशुल्क समाधान हेतु लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक विभाग के अलावा पुलिस-प्रशासन पूरी तरफ से तत्पर है।

## जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड स्थित जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल, चन्दनपुरा के प्रांगण में गुरुवार को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के मार्गदर्शक जंगलेश प्रसाद चौरसिया के निर्देशानुसार नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमुहार, सासाराम के प्राचार्य के आग्रह से प्राप्त महाविद्यालय जमुहार के द्वारा अनुमति पत्र सं. एनएमसीएच /एमएस /26/556 के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में संस्थान के 7 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 10 पैरामेडिकल सहयोगी उपस्थित रहे। शिविर में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक सफदर अली, मृत्युंजय, राहुल, अभय पाल, सूरज शर्मा, भारत भूषण एवं शिक्षिकाएं डिंपल कुमारी, आरती, खुशनुमा परवीन, सबीना, निभा, इलिमा नूर, अर्पिता तथा सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह विद्यालय का वार्षिक कार्यक्रम है। प्रत्येक वर्ष सभी छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है जिससे सभी को लाभ मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक मिथिलेश विश्वकर्मा एवं समस्त शिक्षक-कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज-आरा मुख्य मार्ग पर शिवपुर गांव के पास बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 25 वर्षीय युवक की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बिक्रमगंज नगर परिषद के तेंदुनी निवासी बबन गुप्ता के पुत्र सरोज गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9:30 बजे सरोज कुमार अपनी बाइक से पीरो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शिवपुर और मोहनी गांव के बीच सड़क किनारे खड़े एक खाली ट्रक से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर जोरदार तरीके से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सरोज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल सरोज को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई। पूरी रात इलाज चलता रहा, लेकिन गुरुवार सुबह सरोज ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, सासाराम में परिजनों की मौजूदगी में कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सरोज की मौत की खबर मिलते ही तेंदुनी गांव में मातम पसर गया। घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

## बेटे की शादी से पहले आकाशीय बिजली गिरने से पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अकोढ़ीगोला। रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड के बसंतपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। भैंस चरा रहे 65 वर्षीय नंदकिशोर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार दोपहर करीब 2:00 बजे नंदकिशोर यादव, पिता राम वृक्ष यादव, गांव के खेतों में भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। नंदकिशोर यादव भैंस लेकर घर लौट रहे थे कि तभी तेज गर्जना के साथ उन पर ठनका गिर पड़ा। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सबसे दुखद पहलू यह है कि नंदकिशोर के इकलौते बेटे कुंदन कुमार, 22 वर्ष की इसी महीने शादी थी। 10 मई को तिलक और 12 मई को बारात जानी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन बेटे की शादी से पहले ही पिता की अर्थी उठ गई। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम पसरा है। अकोढ़ीगोला के प्रभारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## कलमबंद हड़ताल पर गए शिक्षकेतर कर्मचारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर स्थानीय महिला कालेज डालमियानगर के शिक्षकेतर कर्मचारी गुरुवार को उपस्थिति दर्ज कराते हुए कलमबंद हड़ताल पर चले गए। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व सचिव सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग, राज्य सरकार और वेतन कोषांग के मनमानी व वादाखिलाफी रवैये के कारण 15 सूत्री मांगों के समर्थन में राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया गया है। कलमबंद आंदोलन में अखिलेश पांडेय, कमलेश सिंह, सुग्रीव सिंह, भगवान शर्मा, ज्योति कुमार सिंह, सजल कुमार, निरंजन कुमार, हर्ष आदि शामिल थे।

## मोहनियां में अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा

### पुलिस-दुकानदारों में धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने पर 3 हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोहनियां।** शहर को जाम मुक्त बनाने और सड़कों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर पंचायत मोहनिया द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान हंगामा हो गया। रामगढ़ रोड और भभुआ रोड पर अवैध कब्जों को हटाने पहुंची नगर पंचायत और पुलिस टीम का स्थानीय दुकानदारों ने कड़ा विरोध किया। अभियान के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब अतिक्रमणकारियों और पुलिस बल के बीच हल्की झड़प और गाली-गलौज शुरू हो गई। वीडियो फुटेज में नगर पंचायत के कर्मियों और पुलिस बल द्वारा दुकानों के बाहर रखे सामान और अवैध शेड हटाने की कोशिश के दौरान धक्का-मुक्की करते लोग स्पष्ट रूप से देखे गए। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि उनके काम में बाधा डाली गई और बदसलूकी की गई जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। मामले को बढ़ता देख पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हंगामा कर रहे तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें मोहनिया थाना ले गई। नगर पंचायत मोहनिया के कार्यपालक पदाधिकारी सुधांशु कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की गई और कर्मियों के साथ मारपीट की कोशिश की गई, जिसके कारण सख्त कदम उठाने पड़े।

## कार-टेम्पो की टक्कर में एक की मौत, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी -राजपुर पथ पर करकट पुर गांव के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजपुर की तरफ से अकोढ़ी गोला बाजार जा रही टेंपू को डिहरी से राजपुर की ओर जा रही अनियंत्रित कार ने करकटपुर गांव के सामने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपू में सवार चार छात्रा, एक छात्र, एक मजदूर व टेंपू चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्र सड़क पर गिरकर रोने-चिल्लाने लगे। राहगीरों ने तत्काल सभी घायलों को सरकारी अस्पताल अकोढी गोला पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गम्हरिया गांव के गेट से शबाना खातून, सुचिता कुमारी, नसरीन खातून, जिशान आलम, आमिर आलम और मजदूरी करने जा रहे मनोज राम गम्हरिया निवासी खाली टेंपू से अकोढ़ी गोला जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल मनोज राम के दोनों पैर टूट गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां शाम 4 बजे के आसपास इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। अपर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने कार व टेंपू को जब्त कर थाना ले आई है। इलाज के दौरान शाम 4:00 बजे के आसपास मनोज राम की मौत हो गई। मनोज राम के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है।

## ग्रामीण सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइन लगाने का अभियान तेज

### क्वालिटी कंट्रोल सेल को पुनर्गठित कर परमानेंट फ्लाइंग स्क्वॉड का किया जा रहा गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर लाइन ऑफ साइट को बाधित करने वाले स्थलों पर शत-प्रतिशत रेट्रो-रिफ्लेक्टिव ट्रैफिक साइन लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए इन्हें लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। ग्रामीण विकास विभग के स्तर से इसे लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार ग्रामीण पथों पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण, गांव के नाम के बोर्ड, किलोमीटर स्टोन और 200 मीटर स्टोन को स्थापित करना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव दिवेश सेहरा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय मुख्यालय में हुई इस बैठक में विभाग के अभियंता और विभिन्न योजनाओं के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग हर स्तर पर सशक्त मॉनीटरिंग कर रहा है। बैठक में विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पथों के मुख्य सूचना पट्टों पर 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप के उपयोग से संबंधित सूचना आगामी 31 मई तक अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय निविदा प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भी सख्त कदम उठाए गए हैं। बैठक ने स्पष्ट किया है कि दिसंबर 2025 से अबतक संपन्न विभागीय निविदा समिति की बैठकों में जिन निविदाकारों के फर्जी दस्तावेज पाए गए हैं या जिन्होंने एलओए मिलने के बावजूद एकरारनामा नहीं किया है, उन्हें अविलंब ब्लैकलिस्ट करते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त जिन संवेदकों द्वारा निर्धारित मानकों से कम दर पर निविदा प्रस्तुत कर रेट जस्टिफिकेशन नहीं दिया गया है, उनसे स्पष्टीकरण मांगते हुए नियमानुकूल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी। विभाग ने गुणवत्ता नियंत्रण को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्वालिटी कंट्रोल सेल को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है, जिसमें परमानेंट फ्लाइंग स्क्वॉड के गठन के साथ-साथ क्षेत्रीय और मुख्यालय स्तर की प्रयोगशालाओं का उन्नयन किया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान वित्तीय अनियमितता और कार्य में शिथिलता को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया जिन कार्य प्रमंडलों द्वारा खराब गुणवत्ता के बावजूद संवेदकों को परफॉरमेंस सिक्योरिटी राशि वापस की गई है, ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बैंक गारंटी का ससमय नवीनीकरण नहीं कराने वाले कार्यपालक अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगने और ईएमडी रिफंड तथा राशि जब्ती के मामलों का साप्ताहिक और मासिक स्तर पर अनुश्रवण करने के निर्देश जारी किये गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्कता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सात निश्चय-3 और ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत पथों की चौड़ाई 3.75 मीटर से बढ़ाकर 5.5 मीटर करने के लिए ग्रिड नेटवर्क तैयार कर आगामी 15 मई तक कार्ययोजना प्रस्तुत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल, नगर पंचायत चेनारी की सड़कें बनीं तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास जिले में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हुई एक घंटे की झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी। वहीं नगर पंचायत चेनारी के नागरिक दावों की पोल खोलकर रख दी। हल्की सी मध्यम बारिश ने ही शहर के कई इलाकों को जलमग्न कर दिया जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। चेनारी की बदहाल जल निकासी व्यवस्था के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया जिसमें मुख्य रूप से यह क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहे। इन क्षेत्रों में नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा। स्थिति इतनी खराब थी कि राहगीरों, बाइक सवारों और स्कूली बच्चों को घुटने भर बदबूदार पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा। चेनारी-मल्हीपुर स्टेट हाईवे पर वार्ड नंबर 6 के पास नाली का पानी सड़क पर बहता नजर आया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मानसून के दौरान यह स्थिति और भी विकराल हो जाती है। ग्रामीणों ने कई बार नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया, लेकिन अब तक जल निकासी दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। एक ओर जहां शहरवासियों को गर्मी से सुकून मिला, वहीं दूसरी ओर यह बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई। जिन किसानों की फसल अभी खेतों या खलिहानों में पड़ी है, उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। खुले में रखा अनाज भीगने के कारण खराब होने की आशंका बढ़ गई है जिससे किसानों की चिंताएं गहरी हो गई है।

**शपथ-पत्र**

मैं शाहीन परवीन, पुत्री मो. नौशाद, निवासी ग्राम एवं पोस्ट-पापरौर, वार्ड सं.- 04, थाना- बरौनी, जिला- बेगूसराय, पिन कोड- 851210, राज्य- बिहार, राष्ट्रीयता- भारतीय, मैं सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि मैं ऊपर बताए गए पते का निवासी हूं। मेरा असली और सही नाम शाहीन परवीन है। मेरा नाम शाहिन परवीन है जो मेरे पुराने पासपोर्ट में दर्ज है। सुधार के बाद, आधार कार्ड में मेरा नाम शाहीन परवीन के रूप में दर्ज है, जो सही और असली है। शाहीन प्रवीण और शाहिन परवीन- ये दोनों नाम मेरे ही हैं और ये एक ही व्यक्ति के नाम हैं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
शाहीन परवीन

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1. ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/F2-01/2026-27 (2nd Call)

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत माड़न के ग्राम अहीर गुरहा में श्री रमेश उरांव (दुकान) के घर से अखड़ा होते हुए श्रीमती राजपति टोप्पो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1343600.00 | 26900 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **11.05.2026** (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **11.05.2026** (**अपराह्न 5:00 बजे से** दिनांक **18.05.2026** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **20.05.2026** अपराह्न 3:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 379233 Rural Development(26-27)#D

**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
**Email Id – npsbnagar@gmail.com**

**अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2026-27**

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में ग्रीश्मकालीन में टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जानी है। जिसके लिए नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय को भाड़े पर ट्रैक्टर टैंकर (चालक सहित) की आवश्यकता है। इच्छुक एजेंसी/संवेदक/फर्म नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में दिनांक 15.05.2026 के अपराह्न 02.00 बजे तक अपना कोटेशन जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशनों/दरों को उसी दिन अपराहन 03.00 बजे नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय के सभागार में खोली जाएगी। कोटेशन/भाव पत्र खोलते समय कोटेशन डाटा या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

| क्र0सं0 | ग्रुप सं0 | दर सभी कर सहित (टैंकर के साथ/ट्रीप) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत टैंकर से पेयजलापूर्ति | | |

**नियम एवं शर्त :–**

1. कोटेशन के साथ जीएसटी, पैन, आचरण देना अनिवार्य होगा।
2. आवेदनकर्ता को पानी वितरण का Log Book अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर कराकर कार्यालय से प्राप्त करेंगें एवं प्रतिदिन जलापूर्ति किये गये वार्डो के नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित वार्ड के सुपरवाईजर से आपूर्ति की तिथि एवं समय Log Book में अंकित कर सत्यापित कराना आवश्यक होगा।
3. इच्छुक आपूर्तिकर्ता को पानी वितरण का फोटो लगाना होगा।
4. इसके लिए कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नही होगा तथा होने वाले टूट–फुट अथवा क्षति की जवाबदेही आपूर्तिकर्ता की होगी।
5. कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का यंत्र–संयत्र/कर्मी इत्यादि उपलब्ध नही कराया जायेगा।
6. उक्त कार्य का भुगतान आवंटन उपलब्ध हाने के उपरांत ही किया जायेगा।
7. उपर्युक्त कोटेशन् या उसके किसी अंश को किसी भी समय कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर को सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 379203 Urban Development(26-27).D

# विद्युत योजनाओं एवं आपूर्ति व्यवस्था की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विद्युत विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना, विद्युत शक्ति उपकेंद्र निर्माण, 33 केवी नए फीडर निर्माण सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति, कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना के अंतर्गत किसानों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर सिंचाई हेतु आवश्यक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापना एवं विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु जहां-जहां आवेदन प्राप्त हुए हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को सिंचाई कार्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत शक्ति उपकेंद्र बुधौल (नवादा) एवं पाली (कौआकोल) में 2×10 एमवीए क्षमता से विद्युत आपूर्ति संचालित की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो रही है। वहीं गंगटी (अतौआ) में 2×10 एमवीए विद्युत शक्ति उपकेंद्र निर्माण योजना का कार्य प्रगति पर है, जिसे जुलाई 2026 तक पूर्ण कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में 33 केवी नए फीडर निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खनवां ग्रिड से हिसुआ विद्युत शक्ति उपकेंद्र तक 13.1 किलोमीटर, खनवां ग्रिड से सिरदला विद्युत शक्ति उपकेंद्र तक 17.00 किलोमीटर तथा वारिसलीगंज ग्रिड से वारिसलीगंज विद्युत शक्ति उपकेंद्र तक 3.5 किलोमीटर फीडर निर्माण कार्य का ऊर्जीकृत कर संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना के अंतर्गत कुल 931 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 680 ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा चुके हैं तथा शेष 251 ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन सितंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जर्जर एवं क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को चिन्हित कर अविलंब मरम्मत एवं प्रतिस्थापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पुराने एवं जर्जर तार हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं एवं विद्युत बाधाओं से बचा जा सके। बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि गर्मी के दिनों में घरेलू विद्युत आपूर्ति में उत्पन्न होने वाली तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारु रूप से संचालित रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत रजौली एवं नवादा, विद्युत विभाग के संबंधित अन्य पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपित को हिलसा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले के अनुसंधानकर्ता एवं हिलसा थाना के पुलिस पदाधिकारी रामनाथ राम ने बताया कि पांच दिन पूर्व थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर बनबारीपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार के विरुद्ध हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा, नालंदा जिला इकाई की ओर से संगठनात्मक चुनाव को लेकर पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने की। इस दौरान पटना से आए पर्यवेक्षक अजय कुशवाहा एवं प्रभारी हिमांशु पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया। पर्यवेक्षक अजय कुशवाहा ने पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर चुनाव संपन्न कराने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जा रहा है, ताकि आम लोगों का विश्वास पार्टी पर बना रहे। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सीधा संपर्क स्थापित करना है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वहीं जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बताया कि जिले में संगठनात्मक चुनाव की पूरी तैयारी कर ली गई है और पार्टी के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि पंचायत स्तर के चुनाव 26 अप्रैल से 15 मई तक, प्रखंड स्तर के चुनाव 16 मई से 25 मई तक तथा जिला स्तर के चुनाव 26 मई से 4 जून तक संपन्न कराए जाएंगे। इसके उपरांत 7 जून को प्रदेश अध्यक्ष और 14 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है। संगठन सशक्त होगा तो आने वाले चुनावों में पार्टी की स्थिति और बेहतर होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि नालंदा में संगठन को मजबूत कर राजनीतिक रूप से अग्रणी बनाने में सक्रिय योगदान दें।

# पात्र परिवारों का सर्वेक्षण एक सप्ताह के अंदर पूरा करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महादलित टोलों में शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चल रहे सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार सर्वेक्षण से वंचित न रहे।

जिले में निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के क्रियाशीलता सर्वेक्षण की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कचरा संग्रहण कार्य में प्रयुक्त ई-रिक्शा एवं पी-रिक्शा के अनुरक्षण को सुदृढ़ करते हुए नियमित रूप से कचरा निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों की कार्यक्षमता की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में निर्मित कुल 153 अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों में से 115 इकाइयों का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें 102 इकाइयां क्रियाशील तथा 13 इकाइयां अक्रियाशील पाई गईं। जिला पदाधिकारी ने अक्रियाशील अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों की अक्रियाशीलता के कारणों से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। अप्रैल माह में घरों से उपयोगिता शुल्क संग्रहण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 3,90,954 परिवारों में से 2,25,444 परिवारों का स्वच्छता मित्र ऐप में निबंधन किया गया है, जो कुल परिवारों का 57.67 प्रतिशत है। माह अप्रैल 2026 में 2,664 परिवारों से मात्र 49 हजार रुपये उपयोगिता शुल्क संग्रहण किया गया। अप्रैल माह में उपयोगिता शुल्क संग्रहण में अपेक्षित प्रगति नहीं रहने पर नवादा सदर, वारिसलीगंज, कौआकोल, मेसकौर एवं रजौली प्रखंडों के संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके।

# नालंदा कॉलेज में मनाई गई रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में विश्वकवि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर केवल कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के महान संवाहक थे। उनकी रचनाओं में प्रकृति, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से टैगोर के साहित्य और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पूर्व प्राचार्य प्रो रघुनाथ प्रसाद कच्छवे ने टैगोर के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी कृति गीतांजलि के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसने भारतीय साहित्य को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आर के परमहंस, बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संगीता कुमारी ने भी टैगोर के शिक्षा दर्शन, मानवतावादी चिंतन और कला-संवेदना पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा टैगोर की कविताओं का पाठ, भाषण तथा गीतों की प्रस्तुति के साथ उनके जीवन और साहित्य से संबंधित अपने विचार भी प्रस्तुत किए।

# रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भारत के महान कवि, साहित्यकार, दार्शनिक, संगीतकार एवं समाज सुधारक रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं गोपाल यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक महान कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा, साहित्य और राष्ट्रवाद के अमर प्रतीक थे। उनके विचार आज भी देशवासियों को नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से भारत की आत्मा को विश्व पटल पर स्थापित करने का कार्य किया। "जन गण मन" की रचना कर उन्होंने देश को राष्ट्रीय गान दिया, जो प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाता है।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव टैगोर की रचनाओं में मानवता, प्रेम, प्रकृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की अद्भुत झलक देखने को मिलती है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है।

श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत और महान विभूतियों के आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जीवन हमें राष्ट्रप्रेम, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

# कलमबंद हड़ताल में कर्मचारियों ने दिखाई अपनी एकता

**आगामी 20 मई को होगा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर दो दिवसीय पेन डाउन स्ट्राइक (कलमबंद हड़ताल) के तहत गुरुवार के दूसरे दिन एसयू कॉलेज, हिलसा के कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के पास धरना दिया। इस दौरान सारे कार्य रुके रहने से छात्र-छात्राओं को वापस लौटना पड़ा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अनिल कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम के बारे विश्विद्यालय को मेल से सूचित करवाया और महासंघ के संस्थापक डॉ0 ए0 के0 सेन की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय संघ के नेतृत्व की तारीफ की और उनके जायज मांगों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की। मुख्य मांगों के बारे में मुख्य संरक्षक अरुण प्रसाद, संरक्षक मंडल के शिक्षा विद अवध किशोर प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि अवकाश प्राप्त या कार्यरत कर्मियों को विगत दो महीने से वेतन, पेंशन नहीं मिला है। मई महीने में भी अबतक इस दिशा में कोई सुगबुगाहट नहीं है। सप्तम वेतनमान के एरियर भुगतान में देरी, वेतन कोषांग सेल की मनमानी से कर्मी त्रस्त हैं। अगर हमारी मांग सरकार नही मानेगी तो आगामी 20 मई को पाटलिपुत्र विश्विद्यालय मुख्यालय पर कुलपति का घेराव किया जाएगा। चरणबद्ध आंदोलन के अगले दौर में विधानमंडल का घेराव और अगस्त 2026 में ही अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जायेगी।




## शिक्षक नियुक्ति को लेकर धरना प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चौथे चरण की शिक्षक बहाली को लेकर नवादा में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की एक ही मांग है कि चौथे चरण की विज्ञापन जल्द से जल्द जारी हो। छात्र नेता कुंदन कुमार ने मांग की है कि एकल परीक्षा का आयोजन चौथे चरण में किया जाए, सरकार लगातार दो सालों से शिक्षक अभ्यर्थी को बरगलाने का काम कर रहे हैं । ए- वन कंपटीशन सेंटर के निदेशक डॉ अमरदीप सिन्हा ने भी सरकार से मांग की है कि विज्ञापन जल्द से जल्द जारी हो और विद्यार्थियों की समस्या का निदान हो। इस मौके पर बबलू सर, सोनू सर, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सावित्री कुमारी, शिववर्ती कुमारी, शशि शेखर, सुफियान अहमद, प्रवेश कुमार, मोहम्मद सादिक अली, चंदा कुमारी, मोहम्मद अफसर, प्रकाश चंद्र घोष, प्रीती कुमारी, सानिया वर्मा, सोनी कुमारी, सोनम कुमारी, रानी कुमारी, नवीन कुमार, इकबाल खान, श्री राम कुमार, माधव मुरारी, पवन कुमार, रवि रंजन कुमार, संदीप कुमार वर्मा, संजीत कुमार, दीपांकर कुमार, सौरभ कुमार, संदीप कुमार वर्मा, नीतीश कुमार, विकास चंद्र घोष सैकड़ों अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई नारदीगंज का चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय पंडपा में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार विमल ने की। चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार व चुनाव पदाधिकारी महेश प्रसाद के देखरेख में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के नारदीगंज प्रखंड के अध्यक्ष पद मनोज कुमार को चयनित किया गया। इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर श्रीकांत आनन्द, अजीत कुमार, सकलदेव कुमार को सचिव पद पर राकेश कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर इस्तियाक का चयन हुआ।

# श्रद्धा और आस्था के बीच महायज्ञ शुरू, उमड़ा जनसैलाब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित नारदीगंज अंदर बाजार में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। यज्ञशाला में वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य समाधि बाबा एवं उनके 11 सहयोगी ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निमंथन तथा जलाधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में संदीप कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी रानी देवी, प्रवेश कुमार एवं रेशम देवी, प्रिंस कुमार एवं खुशी कुमारी, गणेश कुमार एवं बबली देवी तथा मृत्युंजय कुमार एवं शोभा कुमारी ने श्रद्धापूर्वक अपनी भूमिका निभाई। महोत्सव के दौरान वाराणसी के कथावाचक किशोरी कृष्ण ने संगीतमय भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, वृंदावन के कलाकारों द्वारा विनोद कृष्णा रासलीला का आकर्षक मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। यज्ञस्थल परिसर में लगे मीना बाजार, आकाश झूला सहित विभिन्न मनोरंजन के साधनों का भी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और उत्सव का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में विनय कुमार साव, विनोद कुमार, संदीप कुमार, राजीव रंजन (राजू), कृष्णदेव चक्रवर्ती, संजय कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, अखिलेश यादव, अजय यादव, मुखिया रणविजय पासवान, सरपंच प्रवेश रविदास, संजय साव, त्रिपुरारी पांडेय, रंजीत कुमार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जदयू नेता के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड के रजौली पूर्वी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष और जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड सचिव अनिल कुमार सिंह के असामयिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई। बीते मंगलवार को नवादा जाने के क्रम में हड़राही मोड़ के समीप एक अज्ञात बोलेरो की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। लगातार चार बार से पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित होते आ रहे अनिल कुमार सिंह न केवल किसानों के चहेते थे, बल्कि अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ नवादा के महासचिव के रूप में भी समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा का प्रखंड स्तरीय सांगठनिक चुनाव सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड स्तरीय सांगठनिक चुनाव को लेकर गुरुवार को कौआकोल प्रखण्ड के सोखोदेवरा स्थित पार्टी कार्यालय में नवादा जिला संयोजक विनय कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला संयोजक श्री कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी की ओर से नियुक्त नवादा जिला पर्यवेक्षक अरुण कुशवाहा,देवेंद्र प्रसाद (शेखपुरा) एवं निर्वाचक पदाधिकारी मुसाफिर कुशवाहा की संयुक्त देखरेख में संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से विभिन्न पंचायतों के अध्यक्षों का मनोनयन किया गया। जिसमें सोखोदेवरा पंचायत से मनोज कुमार, देवनगढ़ पंचायत से आनंदी कुमार, कौआकोल पंचायत से ललन कुमार, महुडर पंचायत से सुमित कुमार, पाली पंचायत से नारायण प्रसाद, केवाली पंचायत से सुधीर पाण्डेय, नावाडीह पंचायत से मुकेश कुमार, सरौनी पंचायत से त्रिदेव कुमार, दरावां पंचायत से सौरव राज, छबैल पंचायत से चंदेश्वर प्रसाद, लालपुर पंचायत से शशिभूषण प्रसाद, पाण्डेय गंगौट पंचायत से सौदागर महतो तथा पहाड़पुर पंचायत से सुखदेव महतो को पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन विस्तार,कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

# मलमास मेला को लेकर डीएम-एसपी ने धर्म गुरुओं व पंडा कमिटी के साथ की बैठक

**बिहारशरीफ**। आरआईसीसी राजगीर में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन हेतु पूजा समिति के विभिन्न धार्मिक संप्रदाय के धर्म गुरुओं / पंडा के साथ डीएम कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने समीक्षा बैठक की। मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक कार्यक्रम राजगीर में निर्धारित है, इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए श्रद्धालु लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं। इस बैठक में विभिन्न संप्रदाय के महंथो, धर्म गुरु,साधु संतों द्वारा मलमास मेला के दौरान होने वाले समस्याओं से अवगत कराया गया, साथ ही उनके द्वारा समस्या समाधान हेतु बेहतर सुझाव भी दिए गए। बैठक में आगामी मलमास मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, विधि-व्यवस्था तथा धार्मिक अनुष्ठानों के सुचारु संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मलमास मेला नालंदा जिले की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन/ पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि मलमास मेला 2026 को भव्य, सुरक्षित एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नगर आयुक्त अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न धार्मिक संप्रदाय के धर्म गुरु आदि उपस्थित थे ।


**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)***

**Name and address of candidate** : सोनु कुमार राय, बिन्द टोली, पोस्ट- आरा चौक, आरा सदर, जिला-भोजपुर

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of the Election** : सदस्य बिहार विधान परिषद, उप निर्वाचन-2026

***Name of Constituency** : भोजपुर - सह- बक्सर स्थानीय प्राधिकार

I **Sonu Kumar Rai** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | IV अडिसनल जज भोजपुर (आरा), | आरा नगर 416 / 2016 | आरोप विरचित किए गए | धारा- 307, 326 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स अधिनियम, मारपीट जख्मी |
| 2. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी भोजपुर (आरा), | कोईलवर 78 / 2015 | Pending | धारा-420, 406, 409, 120बी, 34 भा.द.वि. 7 ईसी एक्ट., जालसाजी |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनसेवा जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के साथ जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सच्ची जनसेवा है और इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को निरंतर सक्रिय रहना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि



लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि बिहार लगातार विकास और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान शपथ ग्रहण करने वाले माननीय मंत्रिगण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने बिहार के कर्मठ एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विशेष रूप से आगामी कार्यकाल के लिए आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में यह नवगठित मंत्रिमंडल बिहार की जनता की आकांक्षाओं को नई उड़ान देगा। मंत्रिमंडल के सभी सदस्य अपनी जिम्मेवारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए बिहार के विकास में अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन एवं सुशासन के पर्याय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार सहित केंद्रीय मंत्रिगण एवं बिहार के वरिष्ठ एवं अनुभवी राजनेताओं की गरिमामयी उपस्थिति बिहार के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

# पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद में पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के रिदपुरा ग्राम में पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया जब पति ने तैश में आकर अपनी ही पत्नी की जान ले ली। मृतका की पहचान रिदपुरा ग्राम निवासी कौशलेंद्र मांझी की 40 वर्षीय पत्नी कारी देवी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार कौशलेंद्र व कारी का आपस में घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़ा हिंसक हो गया व कौशलेंद्र ने अपनी ही पत्नी पर घर में रखे जाता (पत्थर) को उठाकर हमला बोल दिया जिससे घायल कारी ने मौके पर ही दम तोड़ दी। घटना को अंजाम देने के बाद कौशलेंद्र मौके से फरार हो गया। मृतका की भाभी किरण देवी ने सबसे पहले मृत देखा जिसके बाद हो हल्ला किया। घटना के समय मृतका के सास ससुर व बच्चे अलग कमरे में सोये थे। कारी देवी तीन पुत्र व दो पुत्री की मां थी। सबसे छोटा पुत्र ढाई वर्ष का है। घटना की सूचना तत्काल अलीपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पाकर अलीपुर एसएचओ सत्यम दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गये। अलीपुर एसएचओ सत्यम ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आपसी कहासुनी व घरेलू हिंसा का लग रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

# गयाजी में ट्रैफिक चालान से मिलेगी मुक्ति, 9 मई को होगा निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** ट्रैफिक चालान के लंबित मामलों से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। आने वाले 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसे लेकर गया व्यवहार न्यायालय में तैयारियां तेज कर दी गई है। आज बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय गयाजी से ट्रैफिक चालान जागरूकता प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया प्रदीप कुमार मलिक, जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शशांक शुभंकर और अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए लंबित चालान मामलों के सरल समाधान के प्रति जागरूक करना है। यह पूरी प्रक्रिया पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू की खंडपीठ की ओर से सिविल रिट वाद संख्या 20071/2025 में दिए गए आदेश के आलोक में संचालित की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मलिक ने कहा कि लोक अदालत में चालान मामलों के व्यवस्थित निष्पादन के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। जिला दंडाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि 90 दिनों से अधिक पुराने और हालिया चालानों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जाएगा। इससे मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरबिंद कुमार दास ने बताया कि पुराने चालानों के डिजिटल और भौतिक रिकॉर्ड समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन सिस्टम में चालान की सही स्थिति और रियायती जुर्माने की गणना भी सुनिश्चित की जाएगी। लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क, पैरा लीगल वालंटियर्स, अधिवक्ताओं की सहायता, टोकन सिस्टम, अलग काउंटर और डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने लंबित ट्रैफिक चालान का समाधान कराएं।

# मगध विश्वविद्यालय : छात्र हित और शैक्षणिक सुधारों को लेकर कुलसचिव ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय में विश्वविद्यालय के विकास और छात्र सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने की। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में सक्रिय विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए विभिन्न विषयों पर सार्थक वार्ता हुई। छात्र नेताओं ने पुस्तकालय को चौबीसों घंटे खुला रखने की मांग रखी, ताकि शोधार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को निर्बाध अध्ययन का अवसर मिल सके।



परिसर में रात्रि के समय सुरक्षा और आवागमन को सुगम बनाने के लिए पूरे कैंपस में प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के पार्कों के सौंदर्यीकरण और छात्रों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य अकादमिक विषयों पर भी चर्चा हुई। कुलपति एवं कुलसचिव ने सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए सभी के सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगा। विश्वविद्यालय का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश प्रदान करना है। यह भी कहा कि आज की यह वार्ता सकारात्मक रही है और हम छात्रों द्वारा उठाए गए जायज मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव निवासी खुशबू कुमारी (32 वर्ष) ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज गुरुवार को कराया है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन में पति, सास और ससुर पर दहेज की मांग करने, पति द्वारा दूसरी शादी करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

## कार की ठोकर से किशोर घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव के समीप इस्माइलपुर-काबर पथ पर गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक कार की ठोकर से एक किशोर घायल हो गया। घायल की पहचान बलखोरा गांव निवासी रजनीश कुमार (8 वर्ष), पिता रामेश्वर यादव के रूप में हुई है।

# रंगदारी मांगने और मजदूरों के साथ मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** ज्वाला ब्रिक्स ईंट भट्ठा से रंगदारी मांगने और मजदूरों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए। एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने प्रेस वार्ता में बताया कि 13 मार्च को ईंट भट्ठा संचालक की ओर से टिकारी थाना में केस दर्ज करायी थी। ईंट भट्ठा पर कुछ अज्ञात अपराधी पहुंचे और वहां कार्यरत मजदूरों के साथ मारपीट की। अपराधियों ने मजदूरों से 10 मोबाइल फोन छीन लिए तथा भट्ठा मालिक को रंगदारी की रकम पहुंचाने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने एसडीपीओ टिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन



किया गया। पुलिस टीम ने लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस कांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अलीपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर निवासी चंदन कुमार और रिजवान आलम के रूप में हुई है। चंदन कुमार की निशानदेही पर अलीपुर थाना क्षेत्र थानापुर गांव से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं रिजवान आलम की निशानदेही पर बालापुर गांव से एक अन्य देसी कट्टा बरामद हुआ।

**भट्ठा मालिक तुरंत दे सूचना**

पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि पहले भी पैसों के लिए कई ईंट भट्ठा संचालक से पैसा मांगा गया है। एसडीपीओ ने भट्ठा संचालक से अपील की है कि कोई भी रंगदारी मांगे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना नहीं देने की वजह से ऐसे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। पुलिस सूचना मिलते ही कार्रवाई करेगी।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ प्राथमिकी दर्ज, सात पुरुष आरोपियों को भेजा जेल


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** शहर स्थित प्रकाश उत्सव मैरेज हॉल में सेक्स रैकेट की पुलिस द्वारा की गई भंडाफोड़ को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर सात पुरुष आरोपियों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं महिलाओं का मेडिकल करा न्यायालय के आदेश पर पुनर्वास के लिए मुक्त किया गया। एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। श्री चंचल ने बताया कि मामले को लेकर टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार के लिखित शिकायत पर महिलाओं को प्रलोभन देकर देह व्यापार कराने के मामले में सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में संचालक सहित सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। सातों आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। वहीं पीड़ित महिलाओं का न्यायालय के आदेश पर मेडिकल कराया गया है। कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई शिवानी संगम को दी गई है।

# विशाल प्राइवेट आईटीआई में 'ओपन डेस्क' की शुरुआत, छात्रों को मिलेगा करियर मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के बोधगया स्थित गया-डोभी रोड खरांटी में संचालित विशाल प्राइवेट आईटीआई ने नए शैक्षणिक सत्र के इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में नामांकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। गुरुवार, 7 मई से संस्थान परिसर में 'एडमिशन ओपन डेस्क' की औपचारिक शुरुआत कर दी गई जहां छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश से जुड़ी हर जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान के ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी ने बताया कि यह ओपन डेस्क प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को ट्रेड चयन, दस्तावेज सत्यापन, नामांकन प्रक्रिया और तकनीकी शिक्षा से जुड़े करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि कई बार ग्रामीण क्षेत्रों के





छात्र सही जानकारी के अभाव में तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने यह विशेष व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि छात्रों को बिना किसी भ्रम और परेशानी के सही मार्गदर्शन मिले, ताकि वे समय रहते अपने भविष्य को लेकर उचित निर्णय ले सकें। संस्थान ने प्रवेश प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशिक्षित टीम भी तैनात की है। प्रबंधन की ओर से कंप्यूटर प्रशिक्षक पंकज कुमार और प्रबंधन केयर टेकर राजन कुमार सिन्हा को काउंसलिंग एवं सहायता कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों कर्मी छात्रों को ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड, ट्रेड संबंधी जानकारी और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य तकनीकी पहलुओं में सहयोग करेंगे। पूरी प्रक्रिया संस्थान के प्रिंसिपल नागेंद्र कुमार सिंह की प्रत्यक्ष निगरानी में संचालित की जा रही है। प्रिंसिपल ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता बनाए रखना संस्थान की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक चरण की मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी छात्र को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। संस्थान प्रबंधन के अनुसार इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आईटीआई शिक्षा युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी उद्देश्य से संस्थान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का अभियान चला रहा है। नामांकन के इच्छुक छात्र निर्धारित समय के भीतर संस्थान पहुंचकर विशेषज्ञ टीम से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान प्रबंधन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित करें, ताकि वे कौशल आधारित शिक्षा हासिल कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# देश भर के संत-विद्वानों ने दिया एकता और मानवता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** जिले के मानपुर प्रखंड स्थित एक निजी होटल में आयोजित चार दिवसीय धर्म संस्कृति संगम कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक चेतना के साथ शुभारंभ हुआ. यह भव्य आयोजन 9 मई तक चलेगा जिसमें देश भर से साधु-संत, विद्वान, धर्माचार्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के विभिन्न सत्र अलग-अलग स्थलों पर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने अपने संबोधन में नारी शक्ति, मानवता और राष्ट्रभक्ति पर जोर देते हुए कहा




कि नारी नहीं है तो संसार नहीं है। धरती मां ही हम सबको जीवन देती है, वही पालन-पोषण करती है। भारत मां हम सभी के लिए एक समान है। उन्होंने कहा कि इंसानों के रंग, जाति और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका मूल एक है और हम सभी भारत माता की संतान हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक करण सिंह ने बताया कि धर्म संस्कृति संगम का आयोजन पूरे भारत सहित विदेशों में भी किया जाता है। गया में यह कार्यक्रम लगातार बारहवीं बार आयोजित हो रहा है और इसका उद्देश्य सभी धर्मों के बीच समरसता, भाईचारा और भारतीय संस्कृति का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख समेत सभी धर्म मानवता और एकता का संदेश देते हैं।

# महाप्रबंधक ने किया गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के डाउन लाइन में बीओबीआर रेक का फुटप्लेट निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदू रानी दुबे के साथ गुरपा-गझडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक का फुटप्लेट निरीक्षण किया। ग्रैंड कॉर्ड (जीसी) लाइन की शुरूआत लॉर्ड मिंटो ने 1906-07 में किया था जिसका एक भाग धनबाद मंडल का गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन है। यह रेलखंड चुनौतीपूर्ण है जिसमें 1:80 का रूलिंग ग्रेडिएंट, तीन सुरंग, छोटी पहाड़ियां और ऊंचे टीले हैं। आजादी के पूर्व बने इस रेलखंड में टनल की उंचाई सीमित होने और अवरोध के कारण बीओबीआर वैगन का परिचालन पहले नहीं किया जाता रहा है। परंतु पूर्व मध्य रेल ने आई.आई.टी.-आई.एस.एम. धनबाद के साथ मिलकर टनल रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने जैसी चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा किया और इसके फलस्वरूप डाउन लाइन में



खाली बीओबीआर का परिचालन ट्रायल संभव हो सका है। इससे चुनौतीपूर्ण गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक ऑपरेशन शुरू करने तथा बाढ़, बरौनी और सलाकाटी (नॉर्थईस्ट) एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा। विदित हो कि इसके पहले गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के रास्ते बाढ़, बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स हेतु कोयले का परिवहन बॉक्स-एन रेक द्वारा ही किया जाता है। अभी बीओबीआर रेक में धनबाद मंडल में कोयला लोडिंग के उपरांत इसे प्रधानखांटा-आसनसोल-झाझा के रास्ते बाढ़, बरौनी और सलाकाटी (नॉर्थईस्ट) एन.टी.पी.सी प्लांट्स हेतु कोयले का परिवहन किया जाता है। इसमें जीसी लाइन के तुलना में ज्यादा समय लगता है। वापसी में भी इसी रूट से खाली बीओबीआर रेक धनबाद मंडल को मिलता है। परंतु अब जीसी लाइन के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन द्वारा बीओबीआर रेक की वापसी धनबाद मंडल को हो सकेगी। इससे वैगन टर्न राउंड में काफी कमी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा।

# गया के इमामगंज में महीनों से बंद उपस्वास्थ्य केंद्र

## इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण, गंदगी से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के इमामगंज प्रखंड की सलैया पंचायत में स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र महीनों से बंद है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह केंद्र केवल नाम का रह गया है जहां न तो नियमित रूप से कर्मचारी आते हैं और न ही मरीजों का इलाज होता है। ग्रामीणों ने बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। सफाई के अभाव में स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वहां जाना भी मुश्किल है। लोगों का कहना है कि जहां इलाज मिलना चाहिए, वहीं



अब बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इमामगंज के चिकित्सा प्रभारी रजनीश कुमार ने इस संबंध में बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र पर एक कर्मचारी की तैनाती है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी वहां क्यों नहीं जा रही हैं, इसकी जांच की जाएगी। जांच में लापरवाही या अनुपस्थिति पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासी साहुल अंसारी ने बताया कि छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी उन्हें भटकना पड़ता है। उपस्वास्थ्य केंद्र बंद होने के कारण ग्रामीण निजी अस्पतालों पर निर्भर हैं जहां कई बार गलत इलाज से मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उपस्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द नियमित रूप से चालू किया जाए, साफ-सफाई की व्यवस्था हो और जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## कुजेशर में 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल जर्जर

**इमामगंज।** प्रखंड की कुजेशर पंचायत के छोटकी परासिया गांव में एक जर्जर बिजली का खंभा ग्रामीणों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। इस खंभे से 11000 वोल्ट का हाई पावर करंट प्रवाहित होता है और इसकी स्थिति इतनी खराब है कि यह कभी भी गिर सकता है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-20-26-27 (खुली), दिनांक** 06.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं. ओ-एसी-टी-20-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल के तहत एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,06,07,949.22, **बयाना राशि :** रु. 4,12,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह । **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-57/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 06.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-17-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन पातिपुकुर-कोलकाता के बीच पीक्यूआरएस द्वारा सीटीआर(पी) [1.165-1.422, 1.841-2.442, 0.000-1.020 =02.05 टीकेएम] और सर्कुलर रेलवे में टीआरआर(पी) [2.442-2.67, 3.138-3.353, 3.389- 3.565, 3.92-4.291, 5.00-5.223, 5.274-5.774, 5.774-6.00, 6.115-7.115, 7.115-8.651=4.539 टीकेएम कार्य एवं ट्रैक नवीनीकरण के प्रावधान द्वारा कोलकाता यार्ड का सुधार और साथ ही डायमंड क्रॉसिंग का नवीनीकरण एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,43,01,283.92, **बयाना राशि :** रु. 4,86,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। 1. निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। 2. भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। 3. **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 02.06.2026 को 15.30 बजे है।

SDAH-31/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# ममता बैनर्जी का बाल हठ !

विधानसभा का पूरा चुनाव और खुद अपनी भवानीपुर सीट हार जाने के बाद भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का यह कहना कि हार के बाद भी उनकी नैतिक जीत हुई है, और इसी आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने की जिद शुद्ध रूप से बाल हठ और संविधान का अपमान है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक उन्होंने पद से त्यागपत्र देने की औपचारिकता पूरी नहीं की थी। जबकि एक विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव जीतने के बावजूद मुख्यमंत्री को पहले पद से त्यागपत्र देना होता है और उसके बाद ही वह फिर से सीएम पद की शपथ ले सकता है। कौन चुनाव हारा है, कौन नहीं यह तो चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रमाण पत्र से ही तय होता है न कि किसी नेता के कहने या मान भर लेने से। कायदे से चुनाव हारते ही ममता बैनर्जी को लोकभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देना चाहिए था। नैतिकता का तकाजा भी यही है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपनी हार के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कोई उनसे जबर्दस्ती इस्तीफा नहीं ले सकता। उन्होंने चुनाव आयोग को असली विलेन बताया। ममता ने यह भी कहा कि वो 'पार्टी सदस्यों के साथ आगे की स्ट्रैटजी पर चर्चा करेंगी। और मैं अब बीजेपी के अत्याचारों को और बर्दाशत नहीं करूंगी। मैं सड़कों पर लौटूंगी। उधर ममता के इस अड़ियल रवैए पर बीजेपी प्रवक्ता देबजीत सरकार ने कहा कि ममता ऐसी बातें बोलकर खुद को ही हास्यास्पद बना रही हैं। इस तरह की हास्यास्पद बातों का कोई जवाब भारतीय जनता पार्टी या संविधान में विश्वास करने वाली कोई पार्टी नहीं दे सकती। अगर ममता इस्तीफा नहीं देतीं तो क्या इससे राज्य में कोई संवैधानिक संकट खड़ा हो सकता है? गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 164 राज्य के मंत्रिपरिषद के गठन और इसमें राज्यपाल की शक्तियों से जुड़ा हुआ है। संविधान का अनुच्छेद 164 (1) कहता है कि मुख्यमंत्री 'राज्यपाल की इच्छा तक' पद पर बने रह सकते हैं। राज्यपाल की इच्छा क्या होती है? इस बारे में संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि राज्यपाल की 'इच्छा' दरअसल निर्वाचित प्रतिनिधियों (विधायकों) के बहुमत द्वारा किसी एक नेता पर जताए गए भरोसे से तय होती है। हर चुनाव के बाद राज्यपाल विधानसभा में दलों की संख्या का आकलन करते हैं और बहुमत वाली पार्टी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

अगर मौजूदा मुख्यमंत्री इस्तीफ़ा नहीं देतीं तो राज्यपाल अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए मंत्रिपरिषद को बर्ख़ास्त कर सकते हैं, जिसका हिस्सा मुख्यमंत्री भी होते हैं। इसके अलावा भारतीय संविधान का अनुच्छेद 172 राज्य विधानमंडलों (विधानसभा और विधान परिषद) के कार्यकाल से जुड़ा है। इसके मुताबिक़ उस विधानसभा का कार्यकाल पहली बैठक की तारीख़ से पांच वर्ष का होता है। पांच साल का वक़्त पूरा होते ही यह खुद ब खुद भंग हो जाएगी। ऐसे में ममता बैनर्जी का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाएगा। ममता भी यह अच्छी तरह से जानती हैं। लेकिन लगता है कि वो विक्टिम कार्ड खेलना चाहती हैं ताकि राज्यपाल उन्हें मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त करें और वो जनता की सहानुभूति बटोर सकें। वैसे भी चुनाव हारने पर सीएम का त्यागपत्र एक संवैधानिक औपचारिकता है। अगर ममता इस मर्यादा का भी पालन नहीं करतीं तो भी नई सरकार के गठन पर इसका कोई असर नहीं होगा। ममता अभी कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं। अगर वो पद से इस्तीफा दे भी दें तो राज्यपाल उन्हें अपने मुख्यमंत्री की शपथ तक कार्य करने को कह सकते हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री का पद खाली नहीं रह सकता।

# हमारी साझी सभ्यता का प्रतीक : सोमनाथ




**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री , भारत**
**जय सोमनाथ !**

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है- प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा।

यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।



1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है।


सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है। यही भावना हमें विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में साथ चलने की प्रेरणा देती है।

मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

अध्यात्म

## रहस्य खुशहाली का



एक किसान बहुत ही उम्दा किस्म का मक्का उगाता था। हर वर्ष उसकी उगाई हुई मक्का राष्ट्रीय फसल मेला में पुरस्कृत होती थी। एक बार राष्ट्रीय समाचार पत्र का एक पत्रकार उसका साक्षात्कार लेने,और यह जानने की उत्सुकता के साथ कि वह हर वर्ष ऐसा कैसे कर पता है,उस मेले में आया।

किसान के क्षेत्र के दूसरे किसानों से उसके बारे में पूछने पर पता चला कि, यह किसान हर वर्ष अपने पडौसियों को भी अच्छी किस्म की मक्का का बीज निःशुल्क बांटता है। रिपोर्टर किसान के पास गया और उससे पूछा, 'आप अपने सभी पड़ौसियों को अच्छी किस्म का बीज निःशुल्क क्यों बांटते हैं?

इससे तो आपका कितना खर्च हो जाता होगा? '

किसान ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'क्या आप नहीं जानते ? हवाएँ पके हुए मक्का के पराग कणो को उड़ा कर आसपास के खेतों में फैला देती हैं।यदि मेरे पड़ौसी बेकार किस्म का मक्का बोयेंगे तो हर साल उनकी फसल से आये पराग कण मेरे खेतों में भी बिखरेंगे और क्रॉस पोलिनेशन के कारण साल दर साल मेरी फसल की गुणवत्ता गिरती चली जाएगी। इसलिए यदि मैं अच्छी मक्का उगाना चाहता हूँ तो मुझे मेरे पड़ौसियों को भी अच्छी मक्का उगने में मदद करनी ही होगी। '

वास्तव में हमारे जीवन की सच्चाई भी कुछ इसी प्रकार की है। यदि हम अच्छा और खुशहाल जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें हमसे जुड़े सभी लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उनकी सहायता करनी चाहिए। हमारे जीवन में ख़ुशी और शांति का स्थायी वास तभी हो सकता है जब हमसे जुड़े हुए लोग भी खुशहाल हों।

# नेचुरल गैस पर बढ़ती निर्भरता और आत्मनिर्भरता का सवाल

**भारत में ऊर्जा की चर्चा लंबे समय तक पेट्रोल और डीज़ल के इर्द-गिर्द घूमती रही, लेकिन पिछले एक दशक में प्राकृतिक गैस एक ईंधन के रूप में तेजी से आम जीवन का हिस्सा बना है। शहरों में बढ़ती सीएनजी गाड़ियाँ, घरों में पीएनजी से जलते चूल्हे और उद्योगों में इस्तेमाल हो रही एल एन जी इस बात का संकेत हैं कि भारत धीरे-धीरे गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। सरकार भी ऊर्जा मिश्रण में गैस की हिस्सेदारी 6-7 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक ले जाने की बात करती रही है। लेकिन इस लक्ष्य के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिस गैस पर हम अपना भविष्य बना रहे हैं, क्या वह गैस हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है? वास्तविकता यह है कि भारत अपनी जरूरत की बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (ढ्ढश्व) के अनुसार भारत की गैस खपत लगातार बढ़ रही है, लेकिन घरेलू उत्पादन उसी गति से नहीं बढ़ रहा।**

2024 के आसपास के ऊर्जा आँकड़े बताते हैं कि भारत की गैस खपत बढ़ने के साथ एलएनजी आयात भी तेजी से बढ़ा और आयात निर्भरता लगभग 44 प्रतिशत तक पहुँच गई। भारत आज दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक देश है और पिछले एक दशक में उसके एलएनजी आयात में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका अर्थ यह है कि भारत में सीएनजी , पीएनजी और एलएनजी का विस्तार जितनी तेजी से हो रहा है, उतनी ही तेजी से विदेशों पर निर्भरता भी बढ़ रही है।

भारत की स्थिति को समझने के लिए यह भी देखना होगा कि भविष्य में क्या होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि 2030 तक भारत की प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 50-60 प्रतिशत तक बढ़ सकती है, जबकि घरेलू उत्पादन बहुत धीमी गति से बढ़ेगा। इसका परिणाम यह होगा कि भारत को एलएनजी आयात को लगभग दोगुना करना पड़ सकता है। यानी यदि नीतियों और उत्पादन में बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो भारत गैस के मामले में और अधिक आयात पर निर्भर हो जाएगा। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है, क्योंकि ऊर्जा पर निर्भरता हमेशा विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करती है।

अगर हम दुनिया के अन्य देशों से तुलना करें तो भारत की स्थिति और स्पष्ट हो जाती है। अमेरिका आज दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस उत्पादक देश है। वहाँ शेल गैस क्रांति के कारण गैस उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हुई और अमेरिका आयातक से निर्यातक देश बन गया। आज अमेरिका एल एन जी निर्यात करके यूरोप और एशिया को गैस बेच रहा है। रूस दुनिया के सबसे बड़े गैस भंडार वाले देशों में है और वह पाइपलाइन के माध्यम से यूरोप और एशिया को गैस भेजता है।

चीन की स्थिति भारत से मिलती-जुलती है, लेकिन उसकी ऊर्जा रणनीति भारत से अधिक मजबूत मानी जाती है। चीन भी एल एन जी आयात करता है, लेकिन उसने घरेलू उत्पादन बढ़ाया, मध्य एशिया और रूस से पाइपलाइन गैस आयात शुरू किया और गैस स्टोरेज की बड़ी क्षमता विकसित की। इस कारण चीन पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं होने के बावजूद ऊर्जा सुरक्षा के मामले में भारत से बेहतर स्थिति में है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश लगभग पूरी तरह एलएनजी आयात पर निर्भर हैं, लेकिन उन्होंने गैस स्टोरेज, एलएनजी टर्मिनल और सप्लाई स्रोतों का ऐसा नेटवर्क बनाया है कि ऊर्जा संकट की स्थिति में भी उनकी अर्थव्यवस्था अचानक प्रभावित नहीं होती। जापान कई सप्ताह तक चलने वाला एलएनजी स्टॉक रखता है और कई देशों से गैस खरीदता है। यानी आयात पर निर्भर होने के बावजूद उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है। यूरोप की स्थिति भी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यूरोप लंबे समय तक रूस की गैस पर निर्भर रहा, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद उसने अपनी ऊर्जा नीति बदल दी। उसने नए एलएनजी टर्मिनल बनाए, गैस सप्लाई के स्रोत बदले और नवीकरणीय ऊर्जा पर निवेश बढ़ाया। अगर इन सभी देशों की तुलना में भारत की स्थिति देखें तो समस्या केवल आयात की नहीं है, बल्कि संरचना की भी है। भारत में गैस पाइपलाइन नेटवर्क अभी भी पूरे देश में नहीं फैला है। कई राज्यों में आज भी पीएनजी उपलब्ध नहीं है। एलएनजी टर्मिनल मुख्य रूप से तटीय क्षेत्रों तक सीमित हैं। गैस स्टोरेज क्षमता बहुत कम है। और सबसे बड़ी बात यह है कि भारत अभी भी अपने एलएनजी आयात के लिए मुख्य रूप से पश्चिम एशिया, विशेषकर कतर, पर निर्भर है। इसका मतलब यह है कि अगर उस क्षेत्र में कोई युद्ध या संकट होता है, तो उसका सीधा असर भारत की गैस सप्लाई और कीमतों पर पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक संकटों के दौरान सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में जो तेजी आई, वह इसी निर्भरता का परिणाम थी। अब प्रश्न यह है कि भारत में गैस उत्पादन क्यों नहीं बढ़ पा रहा। इसका पहला कारण यह है कि भारत के गैस भंडार सीमित हैं और जो हैं वे समुद्र के गहरे हिस्सों में हैं, जहाँ से गैस निकालना महंगा और तकनीकी रूप से कठिन है। दूसरा कारण यह है कि भारत में एक्सप्लोरेशन यानी तेल और गैस की खोज पर लंबे समय तक पर्याप्त निवेश नहीं हुआ। तीसरा कारण यह है कि गैस की कीमतों पर सरकारी नियंत्रण के कारण निजी कंपनियाँ बड़े स्तर पर निवेश करने से बचती हैं। चौथा कारण यह है कि गैस पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क का विकास देर से शुरू हुआ।

भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या वह गैस में आत्मनिर्भर बन सकता है। इसका उत्तर पूरी तरह हाँ या नहीं में नहीं दिया जा सकता। भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर शायद नहीं बन पाए, लेकिन आयात निर्भरता को कम जरूर कर सकता है। इसके लिए सबसे पहला काम विशेषकर डीप सी, शेल गैस और कोल बेड मीथेन के क्षेत्र में घरेलू गैस खोज और उत्पादन बढ़ाना होगा । दूसरा, पूरे देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क फैलाना होगा ताकि गैस का उपयोग केवल कुछ शहरों तक सीमित न रहे। तीसरा, एलएनजी आयात के स्रोतों को विविध बनाना होगा ताकि भारत एक ही क्षेत्र पर निर्भर न रहे। चौथा, रणनीतिक गैस भंडार बनाना होगा, जैसे भारत ने तेल के लिए स्ट्रेटजिक पेट्रोलियम रिजर्व बनाया है। पाँचवाँ और सबसे महत्वपूर्ण, भारत को बायोगैस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्पों पर तेजी से काम करना होगा, क्योंकि यही ऐसे स्रोत हैं जो भारत में स्थानीय स्तर पर विकसित किए जा सकते हैं।

यहाँ एक बहुत महत्वपूर्ण बात समझने की जरूरत है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, यह वाक्य हम लंबे समय से सुनते आ रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति के संदर्भ में इस वाक्य का वास्तविक अर्थ हमने अभी तक पूरी तरह समझा ही नहीं। प्राकृतिक गैस के संदर्भ में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि भारत के पास पारंपरिक गैस भंडार भले सीमित हों, लेकिन जैव-गैस (बायो गैस) और बायो सीएनजी के रूप में गैस उत्पादन की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। भारत दुनिया के सबसे बड़े पशुधन वाले देशों में है, और कृषि अवशेष, गोबर, गन्ने का कचरा, नगरों का जैविक कचरा–ये सभी गैस बनाने के स्रोत हैं। अगर सही नीति के साथ इनका उपयोग किया जाए तो भारत अपनी गैस जरूरत का एक बड़ा हिस्सा खुद पैदा कर सकता है। उदाहरण के लिए पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हर साल पराली की समस्या सामने आती है। यही पराली बायो सीएनजी का बड़ा स्रोत बन सकती है। कुछ स्थानों पर पराली से बायो सीएनजी बनाकर बसें चलाई जा रही हैं, लेकिन यह अभी बहुत छोटे स्तर पर है। इसी तरह महाराष्ट्र और गुजरात में गन्ने के कचरे से गैस और इथेनॉल बनाने के सफल प्रयोग हुए हैं। अगर देशभर में बड़े स्तर पर बायो सीएनजी प्लांट लगाए जाएँ तो भारत अपनी सीएनजी जरूरत का बड़ा हिस्सा खुद पूरा कर सकता है। दरअसल भारत की ऊर्जा नीति लंबे समय तक शहर और उद्योग केंद्रित रही, गाँव और कृषि को ऊर्जा उत्पादन के स्रोत के रूप में नहीं देखा गया। अगर भारत ने 15-20 वर्ष पहले ही बायोगैस और बायो सीएनजी को राष्ट्रीय ऊर्जा नीति का हिस्सा बना लिया होता, तो आज भारत सीएनजी के लिए विदेशों पर इतनी निर्भरता में नहीं होता।

प्राकृतिक गैस का प्रश्न केवल सीएनजी और पीएनजी की कीमत का प्रश्न नहीं है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और विदेश नीति से जुड़ा हुआ प्रश्न है। आज भारत अपनी जरूरत की बड़ी मात्रा में गैस आयात करता है और भविष्य में यह निर्भरता और बढ़ सकती है। अगर भारत को वास्तव में आत्मनिर्भर बनना है तो उसे गैस उत्पादन, गैस भंडारण, पाइपलाइन, आयात विविधीकरण और वैकल्पिक गैस स्रोतों पर एक साथ काम करना होगा। जिस देश के पास ऊर्जा है, वही आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होता है। भारत के सामने आज वही चुनौती है–क्या वह गैस का बड़ा आयातक देश बना रहेगा, या आने वाले वर्षों में वह ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ पाएगा। आने वाले दस वर्ष इस प्रश्न का उत्तर तय करेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपके खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, खासकर लाइफस्टाइल और सुख-सुविधाओं पर। आपको बिना सोचे-समझे खर्च करने से बचना चाहिए।

**वृषभ**
आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन मिला-जुला रहेगा। स्वास्थ्य या दैनिक जरूरतों पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इनकम स्थिर रहेगी। मिथुन राशि में विराजमान बृहस्पतिदेव आपकी वित्तीय स्थिति को सुधार रहे हैं।

**मिथुन**
आर्थिक रूप से आज का दिन काफी प्रोडक्टिव साबित होगा। सोशल कनेक्शन और नेटवर्किंग के जरिए लाभ होने की प्रबल संभावना है। आपके नए विचार आपकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।

**कर्क**
आज आपको अपने वित्तीय मामलों को बहुत ही संभलकर संभालने की आवश्यकता है। घर या परिवार से संबंधित खर्चों में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी बड़ा वित्तीय निर्णय न लें। द आप सही प्लानिंग

**सिंह**
आर्थिक रूप से आज का दिन सामान्य रहेगा। आपकी मेहनत, बातचीत या नेटवर्किंग के माध्यम से लाभ होने के संकेत हैं। हालांकि, निवेश के मामलों में किसी भी तरह का जोखिम उठाना ठीक नहीं होगा।

**कन्या**
आज आपका पूरा ध्यान आर्थिक सुरक्षा और बचत पर रहेगा। आप लंबी अवधि के निवेश या भविष्य की योजनाओं के बारे में सोच सकते हैं। अचानक कुछ खर्चे सामने आ सकते हैं।

**तुला**
आर्थिक मामले आज एवरेज रहेंगे। आप अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं या सजने-संवरने पर खर्च कर सकते हैं। भावनाओं में बहकर कोई बड़ा आर्थिक निर्णय न लें।

**वृश्चिक**
आर्थिक मामलों में आज बहुत अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। कुछ छुपे हुए या अनपेक्षित खर्चे आपके बजट को बिगाड़ सकते हैं। अनावश्यक खरीदारी से दूर रहें।

**धनु**
आर्थिक लाभ के नजरिये से आज का दिन काफी पॉजिटिव है। आपको अपने नेटवर्क, टीम वर्क या सहयोगियों के माध्यम से लाभ मिल सकता है। संपर्कों के माध्यम से आय के नए अवसर मिलेंगे। हालांकि, सामाजिक गतिविधियों या दिखावे के चक्कर में खर्च बढ़ सकता है।

**मकर**
आज आपका ध्यान आर्थिक स्थिरता और भविष्य की सुरक्षा पर रहेगा। घर की जरूरतों या पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण कुछ खर्चे हो सकते हैं। जल्दबाजी में निवेश का कोई फैसला न लें। आपकी निरंतर मेहनत से आय का प्रवाह स्थिर रहेगा।

**कुंभ**
आज आर्थिक मामलों में बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। खर्चों में बढ़ोतरी होने से आप बचत को लेकर थोड़ा तनाव महसूस कर सकते हैं। आज किसी भी तरह की खरीदारी में जल्दबाजी न दिखाएं।

**मीन**
आर्थिक रूप से आज सावधानी बरतने का दिन है। अचानक या अप्रत्याशित खर्चे सामने आ सकते हैं। आप अपनी बचत और लंबी अवधि की सुरक्षा को लेकर गहराई से विचार करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिरफिरे ने दो को किया जख्मी




**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को माधोपुर गांव में एक सिरफिरे युवक ने मारपीट करते हुए एक छात्र समेत दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगो ने बताया कि सूरज कुमार नामक छात्र पास के सरकारी स्कूल में पढ़ने जा रहा था। इस बीच एक सिरफिरे युवक ने बच्चे के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट करता देखकर गांव के ही वकील अंसारी ने बीच बचाव कर बच्चे को पिटाई से बचाना चाहा तो सिरफिरे युवक ने वकील के साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान वकील और छात्र सूरज घायल हो गया है। मामले में लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### असमाजिक तत्वों का अड्डा बना अभ्यास मध्य विद्यालय



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाने से महज कुछ ही दूरी पर अभ्यास मध्य विद्यालय इन दोनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। जिससे न केवल छात्र छात्रा बल्कि शिक्षकों को पठन-पाठन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश प्रसाद ने मसौढी थाने में आवेदन देकर सुरक्षा एवं असामाजिक तत्वों से बचाने की गुहार लगाई हैं। प्रधानाध्याक अखिलेश प्रसाद ने बताया कि कई बार मसौढी थाने को आवेदन दिए हैं,कि अभ्यास मध्य विद्यालय के परिसर में असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। हमेशा ब्राउन शुगर पीने वाले लफंगों का अड्डा बना हुआ रहता है, पठन-पाठन के दौरान कई लफंगे खिड़की से ताक झाक भी करते हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को भी कई तरह की परेशानियां होती है। इस असुरक्षा को देखते हुए कई बार पत्र लिखकर दिए हैं, बीते दिन में भी लफंगे स्कूल परिसर में घुस आए थे,जहां डायल 112 को सूचना दी गई थी पुलिस आई थी सभी लोग भाग खड़े हुए, लेकिन आने वाले दिनों में कोई अप्रिय घटना ना घटे इस बात को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी की जरूरत है। वही स्कूल की कई छात्राओं ने भी पुलिस अंकल से गुहार लगाते हुए कहा कि हमें इन लफंगे से बचाइए, यहां लफंगों का अड्डा बना हुआ रहता है। खासकर ब्राउन शुगर पीने वाले नशा करने वाले लोगों का पूरा जमावड़ा बना हुआ है।

### 3 जून को होगा मसौढी के भदौरा पैक्स का चुनाव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 3 जून को मसौढी नगर परिषद के भदौरा पैक्स का चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है, जिसको लेकर एक बार फिर से भदौरा पैक्स में सरगर्मी बढ़ गई है। 20 और 21 मई को नामकंन होना है जो सुबह 11:00 बजे 3:00 बजे तक होंगे। इसके अलावा संवीक्षा का कार्य 22 और 22 मई को होगा, वहीं प्रतीक आवंटन 26 मई को होना है। एवं मतदान 3 जून को होना है जो सुबह 7:00 से 4:30 तक होगा है ,बहरहाल एक बार फिर से नगर परिषद भदौरा पैक्स का चुनाव की तिथि की अधिसूचना जारी हो गई है जिसको लेकर गांव में सरगर्मी एक फिर से बढ़ गई है लोग तैयारी में जुट गए हैं आपको बता दें बता दे की 25 जुलाई 2025 को भदौरा पैक्स में चुनाव हुआ था जिसमें नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे के बीच आमने-सामने की कांटे की टक्कर हुई थी, जिसमें 85 वोट से लक्ष्मण पांडे विजय हुए थे, लेकिन चुनाव होने के बाद महज एक महिने के अंतराल मे छह नवनिर्वाचित सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था,जिसके कारण नवनिर्वाचित हुए पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण पांडे ने प्रबंधन कार्यकारी कि न तो बैठक कर पाये और ना ही इनका प्रबंधन हो पाया, जिसको लेकर पैक्स पूरी तरह से डिजॉल्व हो गया ,जिसको लेकर पैक्स का चुनाव को रद्द कर दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर से भदौरा पैक्स की चुनाव की तारीख का बिगुल बज चुका है। फिर से लोगों के बीच सरगर्मी बढ़ गई है। भदौरा पैक्स को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं 2672 मतदाता एक बार फिर से अपना मनपसंद उम्मीदवार को चुनेंगे।

### अवैध बालू लदे हुआ ट्रैक्टर के साथ दो गिरफ्तार, एक लाख दस हजार जुर्माना




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन एवं बिक्री और ढुलाई के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान बिते बुधवार को कादिरगंज थाना क्षेत्र के औरंगपुर गांव के समीप अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ दो व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों में चालक शंभू कुमार पिता स्व. मनोज प्रसाद खादीरपुर नेतौल एवं जबकि उपचालक दीपू कुमार पिता इंद्रदेव प्रसाद औरंगपुर बांग्ला पर नेतौल को गिरफ्तार किया गया है। कादीरगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया की पेट्रोलिंग के वक्त में सूचना मिली कि बिना चालान के ओवरलोड ट्रैक्टर पर बालू लदा जा रहा है, जिसे पड़कर जांच पड़ताल की गई है। इस मामले में खान निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर पर सोन का पीला बालू लदा था, जिसका वजन 95 टन था, जो बिना चालान और ओवरलोड के था, सुसंगत धाराओं में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।और एक लाख दस हजार का जुमार्ना लगाया गया है।

### प्रोफेसर की कार पेड़ से टकराई दो घायल

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां - हिलसा स्टेट हाइवे पर पटना से नालंदा जिला के हिलसा कालेज में ड्यूटी पर जा रहे फ्रोफेसर की कार एक ट्रक के चकमा देने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई ।जिस पर सवार तीन लोगों में दो प्रोफेसर गम्भीर रूप से घायल हो गए।वही उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।दोनों घायल प्रोफेसर को शाहजहांपुर पुलिस ने दनियावां अस्पताल पहुंचाया।जहां से उन्हें बेहतर इलायज हेतु पटना भेज दिया गया।घायल दोनों प्रोफेसर डॉ घनश्याम कुमार और अभिषेक कुमार पटना से हिलसा के एसी कालेज में पढ़ाने में जा रहे थे। इसी दरम्यान यह घटना हुई जिसमें उनकी कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई।

### सम्राट मंत्रिमण्डल का आकार पूर्णतः संतुलित : रवीन्द्र रंजन

**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के अध्यक्ष रवीन्द्र रंजन ने नवगठित सम्राट मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए इस फेर बदल को सामाजिक, राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए किया गया विस्तार बताया है श्री रंजन ने कहा है कि सम्राट चौधरी की यह टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में विकास एवं सुशासन की नीतियों को आगे बढ़ायेगी तथा प्रदेश को चहुमुखी प्रगति के पथ पर आगे ले जाएगी।

### टेंपो चालक के साथ मारपीट आठ पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक टेंपो चालक से मारपीट कर सोने का चेन, सिकडी छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है, इस मामले में टेंपो चालक रोहित कुमार पिता जगदीश प्रसाद मीरापुर निवासी ने कुल आठ लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मसौढी थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित ने लिखा है की मीरपुरा गांव से देवरिया अपने भौजाई को लाने जा रहे थे जैसे ही देवरिया मोड़ पर पहुंचे तो कुछ लोगों ने हाथ दिया रुकने का इशारा किया उसके बाद टेंपो पर बैठ गए उसके बाद आगे ले जाकर सभी लोगों ने बंधक बनाकर मारपीट किया सोने का सिकरडी, लॉकेट सभी लोग छीनकर भाग गए जिसमें विकास कुमार, विद्यानंद, चुन्नू कुमार ग्राम मीरपुर के निवासी हैं, वही अभय, दीपक, कृष्णा हसनपुर भगवानगंज के रहने वाला है, वहीं रविंद्र, चंदन खरोज गांव के रहने वाले हैं, कुल आठ लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

# दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल में कर्मचारियों ने दिखाई अपनी एकता

## आगामी 20 मई को होगा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर दो दिवसीय पेन डाउन स्ट्राइक( कलमबंद हड़ताल) के तहत गुरुवार के दूसरे दिन समीपवर्ती एस यू कॉलेज, हिलसा के कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के पास घने पीपल वृक्ष के छाँव धरना दिया।इस दौरान सारे कार्य रुके रहने से छात्र-छात्राओं को वापस लौटना पड़ा।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम के बारे विश्विद्यालय को मेल से सूचित करवाया और महासंघ के संस्थापक डॉ. ए. के. सेन की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय संघ के नेतृत्व की तारीफ की और उनके जायज मांगों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की। बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ के मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा,संरक्षक ब्रजकिशोर सिंह,अध्यक्ष वेंकटेश कुमार,महामंत्री रोहित कुमार,पाटलिपुत्र प्रभाग के मंत्री दीपक कुमार,अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद,विनोद कुमार,हिलसा कॉलेज यूनिट के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन,कोषाध्यक्ष रोनित रॉय ने बताया कि दो दिनों का ये आंदोलन पूरे बिहार के कॉलेज में सफल रहा। मुख्य मांगों के बारे में मुख्य संरक्षक अरुण प्रसाद,संरक्षक मंडल के शिक्षा विद अवध किशोर प्रसाद,राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि अवकाश प्राप्त या कार्यरत कर्मियों को विगत दो महीने से वेतन,पेंशन नहीं मिला है।मई महीने मेंभी अबतक इस दिशा में कोई सुगबुगाहट नहीं है। सप्तम वेतनमान के एरियर भुगतान में देरी, वेतन कोषांग सेल की मनमानी से कर्मी त्रस्त हैं। अन्य मांगों में आउटसोर्सिंग, अनुबंध एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा स्वीकृति और नियमित किया जाए।पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह,सचिव शैलेश कुमार, उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार, कार्यकारणी सदस्य कुमार पवन,राजू कुमार, वजरंगी लाल वर्मा,रंजीत कुमार, सुभद्रा सिंहा, सुनीति देवी,प्रदीप कुमार ने कहा कि अगर हमारी मांग सरकार नहीं मानेगी तो आगामी 20 मई को पाटलिपुत्र विश्विद्यालय मुख्यालय पर कुलपति का घेराव किया जाएगा। चरणबद्ध आंदोलन के अगले दौर में विधानमंडल का घेरावऔर अगस्त 2026 में ही अनिश्चित कालीन हड़ताल भी की जायेगी।मौके पर मधुसूदन कुमार,मुनील पटेल,सुजीत कुमार, नवीन कुमार,राजा कुमार, सनोज मालाकार, संगीता, मोहम्मद वसीम, नंदकिशोर, राजेश यादव, अजीत कुमार यादव,परमेन्द्र व अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो महिलाओं के घर में घुसकर मारपीट छेड़खानी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के बंगला पर गांव की दो महिलाओं को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर उसके घर में घुसकर मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में दोनों महिलाओं के अलग-अलग बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, दर्ज प्राथमिकी में कादिरगंज थाना क्षेत्र के बंगला पर गांव के ही सनोज उर्फ मुकेश और मनोज कुमार दोनों पिता इंद्रदेव प्रसाद एवं अन्य पर महिलाओं के साथ छेड़खानी मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि इन दोनों महिलाओं पर पुलिस मुखबारी का आरोप लगाते हुए इन लोगों पर मारपीट और छेड़खानी की गई है। दरअसल यह सभी आरोपी बालू का अवैध खनन करते हैं और बीते बुधवार को अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर पकड़ा गया था, उसके साथ दो लोग पकड़े गए थे इसी मामले में इन दोनों महिलाओं को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर इन दोनो के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की गई है थानाध्यक्ष ने बताया की सनोज उर्फ मुकेश पर पहले से भी रंगदारी करने का मामला चल रहा है, कुल मिलाकर इस पर पांच केस हो गए हैं।पहले से तीन और अब दो केस हैं।बहरहाल पुलिस महिला के बयान पर थाने में एफआईआर दर्ज करते हुए गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

# वज्जिका चित्रकला पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की प्राचीन व विलुप्तप्राय होती जा रही वज्जिका चित्रकला परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं कला प्रेमियों को वज्जिकांचल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं कलात्मक विरासत से परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान 'संजीवनः वज्जिका पेंटिंग की पुनः खोज' नामक वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें वज्जिका चित्रकला की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, शैलीगत विशेषताएँ, प्रतीकात्मकता तथा इसके पुनर्जीवन के प्रयासों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। वृत्तचित्र प्रदर्शन के पश्चात उपस्थित विद्वानों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्लेश सिंह, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ संजीत लाल, IQAC समन्वयक डॉ. विकास कुमार तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अर्चना चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनेक प्राध्यापक, शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए। वज्जिका चित्रकला परंपरा के पुनर्खोज एवं पुनर्जीवन के अग्रणी, निफ्ट दिल्ली के लेदर डिजाइन के विभागाध्यक्ष डॉ उज्ज्वल अंकुर ने नेशनल इंसिच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वज्जिका चित्रकला अपनी विशिष्टता एवं प्राचीनता के कारण भारतीय लोक एवं पारंपरिक कला परंपराओं में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने इस कला परंपरा को संरक्षित, संवर्धित एवं सतत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में वज्जिका कलाकार नेहा कुमारी, सोनाली कुमारी, अंजली प्रकाश तथा अनिता सिंह ने अपने हस्तनिर्मित वज्जिका चित्रों का प्रदर्शन किया तथा उन्हें सम्मानस्वरूप अतिथियों को भेंट किया। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. श्लेश कुमाल ने कलाकारों एवं शोधकताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वज्जिका चित्रकला बिहार की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने इस कम चर्चित किंतु अत्यंत विशिष्ट कला परंपरा को पुनर्जीवित करने हेतु पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# खुसरूपुर में विवाहिता की संदिग्ध मौत से हड़कंप

## पिता का आरोप- साजिश के तहत जहर देकर की गई हत्या



**खुसरूपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खुसरूपुर से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी बेटी को सुनियोजित साजिश के तहत पहले प्रताड़ित किया गया और फिर जबरन जहर देकर मार डाला गया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है। मामला खुसरूपुर थाना क्षेत्र के युसुवपुर का है। मृतका के पिता मनोज यादव ने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी रीमा कुमारी उम्र 32 वर्ष की शादी जितेंद्र यादव उर्फ चंचू यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही रीमा का जीवन प्रताड़ना में गुजर रहा था। उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। आरोप है कि बेटा नहीं होने की वजह से उसे ताने दिए जाते थे, मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकियां भी दी जाती थीं। जबकि मृतिका की दो संताने हैं जिसमें एक बेटा और एक 13 वर्षीय बेटी है। बेटे की मौत किसी वजह से 5 वर्ष पूर्व में हो चुकी है। पति ने बेटे के मृत्यु के बाद दूसरी शादी कर लिया है। परिजनों की माने तो जितेंद्र को बेटा चाहिए था। यही से पति और पत्नी के बीच घेरलू हिंसा ने विकराल रूप ले लिया आज एक विवाहित की जान चली गई। मृतक का नाम रीमा कुमारी है। रिमा मूलतः नालंदा जिले के हिलसा अलीपुर सिपारा की रहने वाली है। रीना अपने पिता मनोज कुमार की इकलौती लड़की थी। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि पति ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली, जिसके बाद रीमा की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। पिता का कहना है कि दूसरी शादी के बाद ससुराल पक्ष मिलकर रीमा पर लगातार दबाव बना रहा था। सबसे गंभीर आरोप यह है कि 7 मई की सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने कथित तौर पर रीमा के साथ मारपीट की और फिर जबरन जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों का दावा है कि घटना के वक्त मौजूद नाबालिग बेटी ने पूरी घटना की जानकारी परिवार को दी, जिसके बाद मामला खुलकर सामने आया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया और स्थानीय लोगों में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। फिलहाल खुसरूपुर थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मनेर में वर्षा का पानी निकासी को लेकर मारपीट

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर मुहल्ले में बरसात के पानी की निकासी के विवाद में कहासुनी व मारपीट हुई। वही मामले में आरोप लगाया जा रहा है कि इस दौरान एक पक्ष के ओर से फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई, हालांकि एक वीडियो फुटेज भी पुलिस को सौंपा गया है। वहीं इधर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने फायरिंग व फुटेज पर पूछे जाने पर बताया कि विवाद गली का है। एक पक्ष के द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो फुटेज में कमर में कुछ खोसते दिखा है। लेकिन स्पष्ट नही हो रहा है कि पिस्तौल है। इसके अलावे मामले में फायरिंग की आरोप भी जांच का विषय है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो कि नशे में बताया जाता है। इस संबंध में प्राथमिकी हेतु दिए गए आवेदन में विवेक सिंह ने बताया कि उनका दुकान चर्च स्कूल के सामने स्थित है। आज सुबह गुरुवार को जयप्रकाश नगर निवासी धर्मात्मा सिंह नशे में हमारे दुकान पर आए और गाली गलौज करते हुए हम पर जानलेवा हमले की नीयत से अवैध कट्टा से फायरिंग कर दिया।

# कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक चुने गए पूर्व प्रधान सहायक अरुण प्रसाद



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती स्थानीय एस यू कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक के खाली पद पर अवकाश प्राप्त पूर्व प्रधान सहायक अरुण प्रसाद का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।इस आशय का पत्र जारी करते हुए अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन, उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष रोनित रॉय, सचिव शैलेश कुमार,पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह व कार्यकारणी सदस्य कुमार पवन ने श्री अरुण जी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।इनलोगों ने बताया कि श्री अरुण काफी शांत,गंभीर,मिलनसार और दूरदर्शी सोच के धनी व्यक्तित्व हैं।वे पूर्व नालंदा जिलाध्यक्ष भी रहे और कई महासंघ के अधिवेशन में वे शिरकत कर चुके हैं। कर्मी मधुसूदन कुमार ने उन्हें अन्य लोगों के साथ पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।इसके साथ ही अवकाश प्राप्त कर्मी अवधकिशोर प्रसाद और राजेन्द्र प्रसाद यादव भी संरक्षक मंडल में शामिल किए गए हैं।इन पदाधिकारियों के मनोनयन पर स्थानीय संघ के सभी सदस्यों ने खुशी का इजहार किया और उनके अनुभव का फायदा मिलने की बात कही।इस आशय का पत्र की प्रतिलिपि बिहार राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वेंकटेश कुमार,महामंत्री रोहित कुमार व मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा,संरक्षक ब्रजकिशोर सिंह,पाटलिपुत्र प्रभाग के मंत्री दीपक कुमार व अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद को भी ईमेल संदेश से भेज दिया गया है।

# ब्राउन शुगर के लिए पैसा नहीं देने पर युवक को पीटा

## पिस्तौल की बट से मार कर किया जख्मी, पिस्तौल के साथ दो युवक पकड़ाया



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कपूर्री चौक के पास गुरुवार की दोपहर उस वक्त अफरा तफरी माहौल हो गया, जब दो युवक एक व्यक्ति को घेर कर लाठी डंडे और पिस्तौल के बट से मारपीट रहे थे,जहाँ गंभीर रूप से जख्मी के बावजूद वह व्यक्ति दोनों युवक को पकड़ लिया और ग्रामीणों का सहयोग से पुलिस के हवाले कर दिया। मामला मसौढी मुख्यालय के कपूर्री चौक की है जहां बताया जाता है कि ब्राउन शुगर पीने के लिए एक युवक से बराबर पैसा की मांग कर परेशान कर रहा था,नहीं देने पर उसे पिटाई की थी, दरअसल भगवानगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथचक गांव के रहने वाले गौरव यादव का बेटा श्रवण कुमार जो कपूर्री चौक के पास में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था, उसे बराबर दो युवक ब्राउन शुगर पीने के लिए पैसा की मांग करते थे, ऐसे में गुरुवार के दिन दोनों युवक ने एक बार फिर से श्रवण कुमार को पकड़कर पैसा मांगने लगे नहीं देने पर पिटाई किए, उसी समय गुलशन कुमार ऊर्फ भोलू उम्र 18 वर्ष पिता सतीश कुमार पुरानी बाजार पश्चिम टोला और अमन कुमार उम्र 17 वर्ष पिता हीरालाल श्रीवास्तव पुरानी बाजार ने मिलकर मार पिट करना शुरू कर दिया, उसके बाद पिस्तौल निकाल कर बट से सिर पर मार दिया, जिससे गौरव यादव बुरी तरह से जख्मी हो गया है, मारपीट होते देख आसपास के सभी सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जुट गए और पकड़कर उसे थाने लाकर पुलिस को सौंप दिया।

### यात्री से भरी लग्जरी वॉल्वो बस पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पथराव




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी फोरलेन पर मसौढी थाना क्षेत्र के नदौल के पास में बुधवार की देर रात्रि को पटना से चलकर टाटा जा रही एक लग्जरी वोल्वो बस को निशाना बनाते हुए कुछ अज्ञात सामाजिक तत्वों ने पथराव करते हुए बोलो बस के दो बिंदुओं के शीशे तोड़ डाले हैं महेश पत्र में एक यात्री भी जख्मी हुए हैं इस संबंध में प्राइम टूर कैब सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक सौरभ सिंह ने मसौढी थाने मे अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया है।दिये गये आवेदन के आलोक मे लिखा है की हमारी कंपनी प्राइम टूर कैब सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्राइम जेट बस का संचालन पटना से टाटा (जमशेदपुर) के बीच प्रतिदिन किया जाता है। यह बस पूर्णतः स्लीपर एवं लग्जरी सुविधा से युक्त है, जिसमें प्रतिदिन अनेक यात्री यात्रा करते हैं।

# सड़क हादसे में मिलेगी तुरंत मदद



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क हादसों में सबसे बड़ी चुनौती समय पर इलाज की होती है, जहां कुछ मिनटों की देरी भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में, पटना में अब आपातकालीन हालात में लोगों को तुरंत और बेहतर मदद मिल सकेगी। चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर पहल के तहत दो बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) सिस्टम से लैस दो विंगर एंबुलेंस उपलब्ध कराई हैं, जिससे आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिलेगी। यह पहल इंडियन हेड इंजरी फाउंडेशन के सहयोग से लागू की गई है। इन एंबुलेंस का शुभारंभ पटेल भवन में किया गया और इन्हें सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता देने के लिए बिहार ट्रैफिक पुलिस को सौंपा गया है। इस मौके पर बिहार पुलिस के डीजीपी विनय कुमार, एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार, कंपनी के प्रबंध निदेशक वी. सूर्यनारायणन और मुख्य अनुपालन अधिकारी महेंद्र त्रिपाठी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस पहल पर वी. सूर्यनारायणन ने कहा, हमारा प्रयास है कि जरूरत के समय लोगों तक समय पर मदद पहुँचे। ये एंबुलेंस आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेंगी और कई जिंदगियां बचाने में मददगार साबित होंगी। बीएलएस से सुसज्जित ये एंबुलेंस प्राथमिक उपचार और मरीज को सुरक्षित अस्पताल तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# सेहत से खिलवाड़ः सब्जी मंडी में हरे रंग से रंगी जा रहीं सब्जियां, होशियार रहें खरीदार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आप भी हरी-ताजी सब्जियां खाने के शौकीन हैं तो सावधान हो जाइए। मसौढ़ी सब्जी मंडी में कुछ विक्रेताओं द्वारा , परवल, नेनुआ,खीरा, को हरे रंग से रंगकर बेचने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी में बासी और पीली पड़ी सब्जियों को हरा दिखाने के लिए मैलाकाइट ग्रीन और कॉपर सल्फेट जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सब्जी मंडी में इन दिनों हरी सब्जियों के नाम पर सेहत से खिलवाड़ हो रहा है. यहां बासी और पीली हो रही सब्जियों को चमकदार और तरोताजा करने के लिए हरे रंग और केमिकल मिलाकर बाजार में बेचा जा रहा है।मंडियों में सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए उनके कलर के अनुसार ही रंगाई की जाती है. सब्जियों को हरा दिखाने के लिए उसमें हरे रंग का इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है. उसमें कॉपर सल्फेट का प्रयोग किया जाता है. रंगे जाने वाली सब्जियों में, परवल, करेला,, बैगन, मटर, आदि शामिल हैं. सब्जियों में केमिकल डाई घोलकर उसे चमकदार बनाया जाता है और कलर ही नहीं बल्कि चमक दिखाने के लिए बैगन, , शिमला मिर्च आदि पर मोबिल आयल लगा दिया जाता है. डॉक्टर्स मानें तो रंगी हुई सब्जियां खाने से डायरिया, उल्टी, चक्कर और पेट की कई बीमारियां हो सकती हैं. शरीर में इसकी मात्रा ज्यादा हो जाने पर यह जहर का काम करता है. इसलिए यदि मार्केट में हरी- भरी ताजी सब्जियों को देखकर आपकी निगाहें टिकती है तो जरा संभल जाएं. क्योंकि हो सकता है इन सब्जियों का रंग प्राकृतिक न होकर आर्टिफिशियल हो. इससे लोगों की जान भी जा सकती है. आयुर्वेद चिकित्सकों की माने तो रंगों में लेट, मैग्नीशियम, फास्फेट, एल्मुनियम और दूसरे हेवी मेटल मिलाए जाते हैं. जो बेहद नुकसान देता है. रंगी हुई सब्जी खाने से सीधे किडनी पर असर पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नई कैबिनेट में गोपालगंज जिले की बड़ी राजनीतिक भागीदारी

**गोपालगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की नई कैबिनेट में गोपालगंज जिले को बड़ी राजनीतिक भागीदारी मिली है. गोपालगंज के दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर जिले में खुशी का माहौल है. बीजेपी विधायक मिथिलेश तिवारी और जेडीयू विधायक सुनील कुमार को सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है. इस मौके पर बीजेपी के राज्यसभा सदस्य और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा ने दोनों नेताओं को बधाई दी.उन्होंने कहा कि यह गोपालगंज के लिए सौभाग्य की बात है कि जिले के दो विधायक सरकार में मंत्री बने हैं. मनन मिश्रा ने कहा कि दोनों मंत्रियों के अनुभव और नेतृत्व से गोपालगंज के विकास को नई गति मिलेगी.उन्होंने भरोसा जताया कि नई सरकार के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ेगा और गोपालगंज को भी इसका बड़ा लाभ मिलेगा.


### 1.5 किलो अफीम के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय बस स्टैंड से पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार की शाम अफीम तस्करी के मामले का खुलासा हुआ है.टीम ने एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है,जिनके पास से करीब 1.5 किलोग्राम मादक पदार्थ अफीम बरामद किया गया है.जानकारी के अनुसार, एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक महिला बस के माध्यम से अफीम की तस्करी करने वाली है.सूचना के आधार पर जमुनिया एसएसबी, घोड़ासहन पुलिस और झरौखर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया.इसी दौरान बस स्टैंड पर संदिग्धों को पकड़ा गया. गिरफ्तार महिला की पहचान झरौखर थाना क्षेत्र के अठमुहान गांव निकासी सुदामा देवी के रूप में हुई है.वहीं, युवक की पहचान दरपा थाना क्षेत्र के पीपरा गांव निवासी दिलीप कुमार के रूप में की गई है.फिलहाल पुलिस इस मामले में विस्तृत जानकारी साझा करने से बच रही है.आशंका जताई जा रही है कि इस तस्करी के पीछे एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है।



### सड़क विस्तार को लेकर बढ़ा विरोध, मुआवजे की मांग तेज

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती देश नेपाल के वीरगंज शहर में प्रस्तावित सड़क विस्तार परियोजना को लेकर स्थानीय मकान मालिकों और व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले प्रभावित लोगों ने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है। प्रभावित पक्षों का कहना है कि वर्षों से बसे घर और स्थापित व्यवसाय सड़क विस्तार योजना के कारण प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बिना समुचित मुआवजा और पुनर्वास व्यवस्था के कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं होगा। इसी मुद्दे को लेकर प्रभावित लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। गौरतलब है कि वीरगंज में मुख्य सड़क को चौड़ा करने की योजना पर कार्य चल रहा है, जिसके तहत सड़क किनारे स्थित कई मकान और दुकानें प्रभावित हो सकती हैं।




### छपरा में 'मानवता में एकता' थीम पर कार्यक्रम आज

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, छपरा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट की 148वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम ह्लमानवता में एकताह्व थीम के अंतर्गत आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे सीपीएस ऑडिटोरियम, छपरा में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडीसी लक्ष्मण तिवारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रंजन सिंह होंगे, जो मानवता, सेवा और सामाजिक दायित्वों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, छपरा के स्टेट रिप्रेजेंटेटिव डॉ. हरेंद्र सिंह ने प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होकर सामाजिक संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने की अपील की है।

### एसडीओ व डीएसपी ने किया सीएचसी मशरक का निरीक्षण

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा एसडीओ निधि राज एवं मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इमरजेंसी कक्ष, लैब, ओपीडी, पंजीकरण काउंटर, प्रसव कक्ष सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की विधि व्यवस्था एवं चिकित्सकों की ड्यूटी व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई गई। अधिकारियों ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। एसडीओ निधि राज ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्देश दिया।




### आंधी-तूफान से मशरक में भारी तबाही

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र में गुरुवार को आई तेज आंधी, तूफान और बारिश ने व्यापक तबाही मचाई। अचानक बदले मौसम के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गए, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और जनजीवन प्रभावित हो गया। अस्पताल चौक स्थित एक विशालकाय पेड़ तेज हवा के कारण उखड़कर बिजली के ट्रांसफार्मर पर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से वहां स्थित सुशील साह की चाय दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के समय दुकान के नीचे मौजूद दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया। आंधी के कारण एनएच-227ए रामजानकी पथ के बंगरा इलाके, स्टेशन रोड समेत कई स्थानों पर पेड़ सड़क पर गिर पड़े, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। कई जगहों पर घंटों तक यातायात बाधित रहा। तेज बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से अंधेरा छा गया। बिजली विभाग की टीम आपूर्ति बहाल करने में जुटी रही।



### शीतलपुर में पीड़ित परिवार को विप्र सेवा परिषद ने दी 50 हजार की सहायता राशि

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव में अश्लील गीत बजाने का विरोध करने पर युवती की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के बाद जिला विप्र सेवा परिषद ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। परिषद की टीम ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर 50 हजार रुपये की सहयोग राशि सौंपी। इस दौरान परिषद के संरक्षक पं. राजीव कुमार पाठक ने कहा कि गत सप्ताह गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान युवती ने अश्लील गीत बजाने का विरोध किया था, जिसके बाद उसकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि परिषद पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग किया जाएगा। सहयोग राशि प्रदान करने के दौरान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, सुरेश त्रिवेदी, अरूण पाठक, जितेन्द्र मिश्र, ई. आशुतोष झा, मार्कण्डेय ओझा, अनुराग ओझा, अमीत पाण्डेय, पुष्पक कुमार मिश्रा उर्फ बीटू बाबा तथा गोपाल चतुवेर्दी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण एवं रठर लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बलुआ चौक एवं कचहरी चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नितिन त्रिपाठी ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से बिहार सरकार की 'एकमुश्त निपटान योजना' के अंतर्गत ट्रैफिक चालान मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंबित ट्रैफिक चालानों का एक ही दिन में समझौते के आधार पर निपटारा कर लोगों को राहत प्रदान की जाएगी, जिससे कम जुर्माना, समय की बचत एवं न्यायालयी प्रक्रिया से मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने जानकारी दी कि ट्रैफिक चालान मामलों के सुगम एवं व्यवस्थित निष्पादन हेतु कुल 20 स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां सहायता केंद्र की व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही जुर्माना राशि जमा करने के लिए समुचित काउंटर एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे अपने लंबित ट्रैफिक चालान मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 09 मई 2026 को महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, मोतिहारी में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाएं। लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक किया जाएगा। सचिव ने बताया कि सीट बेल्ट नहीं लगाना, हेलमेट नहीं पहनना, रेड लाइट जंप करना, वाहन के आवश्यक कागजात की कमी एवं अन्य सामान्य ट्रैफिक उल्लंघनों से संबंधित मामलों का निस्तारण लोक अदालत में किया जाएगा। वहीं शराब पीकर वाहन चलाना, दुर्घटना अथवा गंभीर अपराध एवं गैर-समझौतावादी मामलों का निपटारा लोक अदालत में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है तथा लोक अदालत का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होता है, जिसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और लोक अदालत के संबंध में जानकारी प्राप्त की।




## आशा दिवस का आयोजन कर एचबीवाईसी कीट का किया गया वितरण

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में गुरुवार को आशा दिवस का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी जिसमें बीसीएम गुड्डू कुमार के द्वारा छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल एचबीवाईसी कार्यक्रम के बारे में बताया गया एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा सभी आशा को एचबीवाईसी कीट का वितरण किया गया उन्होंने बताया छोटे बच्चों के 3 माह,6 माह,9 माह,12 माह,15 माह के उम्र अनुसार आशा द्वारा सत्यापन किया जाना है साथ ही ड्यू तथा सर्वे की गहनता से जांच कर छुटे हुए गर्भवती एवं बच्चों को जोड़ने को कहा गया एवं परिवार नियोजन के सरल उपाय के बारे में चर्चा की गई साथ ही टीबी कार्यक्रम के तहत टीबी जांच पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बीसीएम गुड्डू कुमार,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, जननी के मैनेजर समरेद्र कुमार, आशा फैसिलिटेटर जमाले आरा,रीता कुमारी, सकीना खातून, रूणा कुमारी, संजू कुमारी, सोनी कुमारी आशा स्वेता पटेल, कविता कुमारी, सुनीता कुमारी, सबिता देवी, नीतू कुमारी, सोनी कुमारी, पुष्पा देवी, रोमी देवी समेत अन्य आशा कर्मी मौजूद थीं।



### हलवाई की संदिग्ध मौत पर बवाल, परिजनों ने किया सड़क जाम

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के बेन छपरा गांव निवासी एक हलुआई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मशरक थाना परिसर के सामने मुख्य सड़क पर शव रखकर आवागमन बाधित कर दिया। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। मृतक की पहचान बेन छपरा गांव निवासी संत कुमार साह के 30 वर्षीय पुत्र गजेन्द्र कुमार साह के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि सढ़वारा निवासी एक हलुआई शादी समारोह में काम कराने के लिए गजेन्द्र को डुमरसन लेकर गया था। बाद में फोन कर सूचना दी गई कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। जब परिजन मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पुलिस ने मारपीट कांड में की कार्रवाई, 12 फरार आरोपितों के घरों पर इश्तहार चिपकाया

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढिया गांव में बीते 25 फरवरी को हुए चर्चित मारपीट कांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे 12 आरोपितों के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तहार चस्पा किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार भूमि विवाद को लेकर गोढिया गांव में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए थे। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया गया था। मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से शिकारगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की थी। अब तक संतोष सहनी सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपित घटना के बाद से फरार हैं। शिकारगंज थाना पुलिस ने कांड संख्या 48/26 एवं 49/26 में फरार आरोपितों के घर पहुंचकर इश्तहार तामील किया। पुलिस टीम ने गांव में माइकिंग कर आरोपितों को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय या थाना में उपस्थित होने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।



## पूजा कार्यक्रम में शामिल होने गए दो युवकों की सड़क हादसे मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने भारतमाला हाईवे किया जाम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को भारतमाला हाईवे को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के बदला गांव के समीप भारतमाला रोड किनारे गुरुवार सुबह दो शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान बड़कागांव वार्ड संख्या-13 निवासी सत्यनारायण राम (65) एवं सूरज कुमार (19) के रूप में की गई है। सत्यनारायण राम पूजा-पाठ का कार्य करते थे, जबकि सूरज कुमार हजाम का काम करता था। बताया जाता है कि दोनों बुधवार रात रामपुरवा गांव में आयोजित मटकोर पूजा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों ने बड़कागांव ढाला के पास भारतमाला हाईवे किनारे दो शव पड़े होने की सूचना दी। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मौत का आरोप लगाते हुए भारतमाला हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीण मृतकों के परिजनों को मुआवजा एवं दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। बाद में पूर्व मुखिया विजय सिंह एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार दुकानदार की मौत

**छपरा/एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली स्टेट हाईवे-96 पर गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार दुकानदार की मौत के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और मुआवजे व दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को आग के हवाले करने का भी प्रयास किया। मृतक की पहचान नगर पंचायत एकमा बाजार अंतर्गत हेकाम गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश सिंह के पुत्र विनोद कुमार सिंह (50) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह स्कूटी से एकमा से मांझी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हंसराजपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप नहर पुलिया पर तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार सिंह को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने पुलिस द्वारा जब्त ट्रक को थाना ले जाने के दौरान रोक दिया और बाद में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा के समीप शव रखकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और लगभग ढाई घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि मृतक परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे और उनकी मौत से परिवार पर संकट टूट पड़ा है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।



## एनयूजे (आई) बिहार के सह संयोजक बने वरिष्ठ पत्रकार बिपिन कुशवाहा

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) एनयूजे (आई) ने संगठनात्मक विस्तार के तहत रक्सौल के वरिष्ठ पत्रकार बिपिन कुशवाहा को बिहार प्रदेश का सह संयोजक मनोनीत किया है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी द्वारा पत्र जारी कर जानकारी दी गई। रक्सौल प्रखंड के भेलाही गांव निवासी बिपिन कुशवाहा लंबे समय से पत्रकारिता और पत्रकार संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे एनयूजे (आई) के रक्सौल अनुमंडल संयोजक के पद पर कार्यरत हैं। संगठन के बैनर तले उन्होंने कई छोटे-बड़े कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम भी शामिल रहे हैं। दो दशक से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय बिपिन कुशवाहा को निर्भीक, स्पष्टवादी और बेदाग छवि के पत्रकार के रूप में जाना जाता है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपने मनोनयन पर खुशी जताते हुए बिपिन कुशवाहा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही बिहार के पत्रकारों के सम्मान, हित और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। इधर, उनके मनोनयन पर वरिष्ठ पत्रकार मुनेश राम, दीपक अग्निपथ एवं विजय गिरी ने बधाई देते हुए इसे पत्रकार हित और संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है। वहीं पत्रकारों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है तथा लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है।



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक ने खेलकूद प्रतियोगिता में जीते 10 स्वर्ण पदक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना संभाग द्वारा आयोजित 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 10 स्वर्ण और 13 कांस्य पदक हासिल किए। कबड्डी अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय मशरक की टीम ने केंद्रीय विद्यालय शिवहर को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ टीम ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। इसके अलावा हैंडबॉल अंडर-17 तथा शतरंज बालक वर्ग में विद्यालय को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

## मधुबनी: कुदाल से काटकर बहू की हत्या, ससुर ने किया आत्मसमर्पण

**मधुबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में मधुबनी जिला के खजौली थाना क्षेत्र के सुक्की घाट टोल में गुरुवार की दोपहर रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद में एक ससुर ने अपने महिला के पति,सास एवं देवर के साथ मिलकर बहु की कुदाल से काटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतका की पहचान कसमा मरार गांव निवासी कृष्णदेव सिंह की पुत्री 25 वर्षीय पूजा कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि पूजा की शादी करीब सात वर्ष पूर्व सुक्की घाट टोल निवासी राजू सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही परिवार में विवाद की स्थिति बनी रहती थी। गुरुवार को विवाद इतना बढ़ गया कि पति राजू सिंह, ससुर रामदयाल सिंह, सास फूलों देवी एवं देवर राहुल सिंह ने मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही खजौली के अपर थानाध्यक्ष घनश्याम पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए पति राजू सिंह,ससुर रामदयाल सिंह और सास फूलों देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद देवर राहुल सिंह फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के छात्रों द्वारा मोतिहारी के ग्रामीण विद्यालयों में डिजिटल जागरूकता अभियान का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष डिजिटल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों-निखिल आनंद, स्वतंत्र साहू, आदिल लतीफ, प्रताप यादव, आदित्य प्रताप सिंह एवं सत्यम कुमार आदि द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला (प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग) के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया से परिचित कराना तथा उन्हें सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से इंटरनेट एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बच्चों को मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट के सही उपयोग के बारे में सरल एवं व्यवहारिक तरीके से जानकारी दी। इंटरैक्टिव गतिविधियों, प्रश्नोत्तर सत्रों तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया गया। विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तथा शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया। विशेष रूप से बच्चों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा इंटरनेट पर सतर्क रहने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि डिजिटल तकनीक उनके भविष्य के लिए कितनी महत्वपूर्ण है और इसका सही उपयोग उन्हें नई संभावनाओं की ओर ले जा सकता है। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विकास पारीक, प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. सुनील कुमार सिंह एवं डॉ. शुभम कुमार सहित अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी मजबूत करती है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, आईक्यूएसी के अध्यक्ष प्रो. प्रणवीर सिंह ने भी इस सराहनीय पहल के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में ग्रामीण विद्यालयों के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई जानकारी प्राप्त की। अंत में, आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थी आधुनिक तकनीक का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त बना सकेंगे।



C M Y K

# पूर्व मंडल अध्यक्ष के घर 80 लाख की चोरी

## पूर्व सांसद ने उठाए सवाल, एसआईटी गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना क्षेत्र के अंबा बाजार चौक स्थित भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह के घर हुई लगभग 80 लाख रुपये की चोरी की घटना का एक पखवाड़ा बीत जाने के बावजूद अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। मामले में लगातार हो रही देरी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। गुरुवार को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पीड़ित के घर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इस मामले में गहरी नाराजगी और चिंता जताते हुए पुलिस अधीक्षक से जल्द कार्रवाई की मांग की। पूर्व सांसद ने कहा कि जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में कई मामलों में चोरों ने लाखों-करोड़ों के आभूषण और कीमती सामान पर हाथ साफ किया है, लेकिन पुलिस अधिकांश मामलों का खुलासा नहीं कर सकी है।

उन्होंने आशंका जताई कि वीरेंद्र कुमार सिंह के घर हुई चोरी में किसी नजदीकी व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिस सटीक तरीके से चोरों ने केवल उसी कमरे को निशाना बनाया, जहां आभूषण और नकदी रखी थी, उससे यह संकेत मिलता है कि उन्हें अंदरूनी जानकारी थी।

पूर्व सांसद ने पुलिस को सुझाव दिया कि मामले की जांच फॉरेंसिक और वैज्ञानिक तरीके से की जाए, जिससे अपराधियों तक पहुंचा जा सके। साथ ही उन्होंने जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित करने की मांग की।

इसके अलावा उन्होंने स्थानीय स्तर पर निगरानी समितियां बनाने, खाली घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा फेरीवालों की पहचान सुनिश्चित करने जैसे उपायों पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, पूर्व उप प्रमुख नवीन कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन गंभीर


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6595 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 7 मई 26 तक जिला में कुल नए 246 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 7 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 7 मई 2026 को प्राप्त कुल 06 शिकायतों में से 06 का निष्पादन कर दिया गया है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है।

# महिला महाविद्यालय में सुरक्षा और जागरूकता को ले अभया ब्रिगेड कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना द्वारा महिला सुरक्षा और जागरूकता को ले महिला कॉलेज मुड़िला, अंबा में अभया बिग्रेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला दारोगा अंजली कुमारी एवं कुमारी श्वेता वर्मा ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न या असामाजिक गतिविधियों से डरें नहीं बल्कि तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया का दुरुपयोग के साथ हीं महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी व प्रयोग के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि पुलिस हमेशा



महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस बीच छात्राओं के बीच अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया ताकि किसी भी समस्या या आपात स्थिति में छात्राएं सीधे उनसे संपर्क कर सकें। कॉलेज की छात्राओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पुलिस की उक्त पहल की सराहना की। मौके पर प्राचार्य दिनेश कुमार सिंह, प्रोफेसर सबिता सिंह, प्रो वृंदा कुमारी, प्रधान सहायक किरण कुमारी व प्रभा कुमारी समेत दर्जनों छात्राएं मौजूद रही।

## एक नजर

### जिला जज ने जागरूकता रथ को किया रवाना




**औरंगाबाद**। 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों एवं ऋण वादों के निस्तारण हेतु जिले के सुदरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने के लिए बिहार ग्रामीण बैंक से संबधित जागरूकता रथ को जिला जज राजीव रंजन कुमार द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला जज ने बताया कि लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगों को मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो तक पहुंचे इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। जिला जज ने बताया कि इस लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से संबधित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है जिसके तहत कई छूट का प्रावधान है। प्रधान जिला जज ने जिले वासियों से अपील किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने से संबधित सुलहनीय वादों का निस्तारण करायें और बैंक से संबधित जो भी बकाया है तो छूट का लाभ देते हुए उनका निदान किया जायेगा और बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। मौके पर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि शंकर सिंह, वरीय प्रबन्धक ओम प्रकाश एवं प्रबन्धक रजनीकांत उपस्थित रहें।

### औरंगाबाद से वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस वे तक एन एच 139 के लिए होगा एक बाईपास का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह के घर गुरुवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पहुंचे। मीडिया कर्मियों के प्रश्नों के जवाब में उन्होंने बताया कि एनएच 139 सड़क को जाम से मुक्ति के लिए अब विभाग को औरंगाबाद से वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस वे तक एक बाईपास निर्माण के लिए कहा गया है। इसे लेकर डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण उक्त सड़क को फोर-वे बनाए जाने में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा कि दाउदनगर एवं ओबरा में बाईपास निर्माण के लिए विभागीय अधिकारियों ने पहल की थी परंतु औरंगाबाद और अंबा को छोड़ दिया गया था। जब इसकी जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दी गई साथ ही औरंगाबाद वंबा में लगने वाले जाम का प्रतिदिन का फोटोग्राफ्स उन्हें भेजा गया तब जाकर इस पर बात बनी और अब औरंगाबाद से अंबा के धनीवार तक एक ही बाईपास का निर्माण पर सहमति बन चुकी है। उन्होंने आशा और विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले तीन-चार महीने में लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### सहयोग शिविर को ले बीडीओ ने की बैठक

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। 19 मई को प्रखंड के तरारी पंचायत में लगने वाले सहयोग शिविर की सफलता को लेकर बीडीओ मो जफर इमाम ने प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बैठक की। बैठक के दौरान अब तक की तैयारी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। 22 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा समस्याओं के समाधान को लेकर तैयारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बीडीओ ने कहा कि आम जनता के पास जाएं और सरकारी लाभ तथा उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करें। उसका ससमय निष्पादन करें। बताया गया कि तरारी पंचायत सरकार भवन में यह सहयोग शिविर लगाया जाना है सहयोग शिविर के अध्यक्ष एसडीओ अमित राजन ,पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ अशोक कुमार दास एवं सहयोगी पदाधिकारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती हैं।

### किशोर के गले से छीना लौकेट

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शहर के नहर रोड स्थित शिवाला के पास बुधवार की दोपहर बाइक सवार तीन उचक्के एक किशोर के गले से सोने का लॉकेट झपट कर भाग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-17 स्थित बम रोड, पटवा टोली निवासी बंधु प्रसाद का पुत्र विकास कुमार अपनी बाइक से नहर रोड होते हुए भखरुआं की ओर जा रहा था। विकास के पीछे ही एक ई-रिक्शा पर उसके परिजन भी आ रहे थे। इसी बीच, एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने विकास को रोक लिया और उससे खैनी मांगी। जब तक विकास कुछ समझ पाता उचक्कों ने झपट्टा मारकर उसके गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। पीड़ित ने बताया कि उचक्कों ने उसकी बाइक की चाबी भी निकाल थोड़ी दूर पर फेंक दिया था। लोगों का आरोप है कि मुख्य सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी न होने के कारण उचक्के आसानी से वारदातों को अंजाम देकर सुरक्षित निकल भागने में सफल हो रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

### मौलाबाग में सुधा स्टाल से चोरी

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। एसडीओ आवास के बगल में स्थित एक सुधा स्टॉल से मंगलवार की देर रात चोरों ने बड़ी मात्रा में सामग्री चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार नागेश्वर सिंह ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दुकानदार के अनुसार, चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 7700 रुपये नगद और फ्रिज में रखे दूध, दही, पनीर, घी, लस्सी व कोल्ड ड्रिंक्स जैसे हजारों रुपये के कीमती उत्पाद चोरी कर लिए। बताया जा रहा है कि यह दुकान बिहार सरकार की 'सात निश्चय योजना' के अंतर्गत संचालित थी और इस चोरी की घटना में करीब अस्सी हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इधर उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें मिली है। पुलिस द्वारा फिलहाल उक्त मामले की तहकीकात की जा रही है।

## रात एक बजे से गैस काउंटर पर लग रही भीड़, हसपुरा में रसोई गैस की किल्लत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा में भारत रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि गैस पाने के लिए लोगों को रात एक बजे से ही कतार में लगना पड़ रहा है। नरसंन रोड स्थित भारत गैस वितरक उर्मिला गैस काउंटर पर बीते दो दिनों से उपभोक्ताओं की लंबी कतार रात से ही देखने को मिल रही है। जबकि काउंटर का संचालन सुबह लगभग दस बजे के आसपास शुरू होता है। इसके बावजूद उपभोक्ता बुकिंग के बाद सिलेंडर लेकर रात में ही पहुंच जाते हैं और अपनी बारी सुनिश्चित करने के लिए काउंटर के पास सिलेंडर रखकर इंतजार करते हैं। यहां "पहले आओ, पहले पाओ" की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तरह की समस्या मुख्य रूप से भारत गैस उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही है। वहीं, इंडेन गैस वितरक के बस स्टैंड और गांधी नगर स्थित काउंटरों पर भीड़ तो है, लेकिन स्थिति अपेक्षाकृत नियंत्रित है। उपभोक्ताओं का कहना है कि नरसंन रोड स्थित गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण व्यवस्था संभालना मुश्किल हो रहा है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने हसपुरा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण के दौरान निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पौथू थाना क्षेत्र के कुसमी फेसरा गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रयास का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुसमी फेसरा निवासी संगीत राम की 17 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी णिया कुमारी ने पिता द्वारा मारपीट किए जाने के बाद दुपट्टे के सहारे फांसी लगाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए किशोरी को फंदे से नीचे उतारा तथा तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम में कांस्टेबल विपिन कुमार, अजय कुमार एवं महिला कांस्टेबल मंजू कुमारी शामिल थे। पुलिस टीम द्वारा किशोरी को तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर धनंजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार किशोरी की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

## एसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा



**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने दाउदनगर अंचल अंतर्गत सभी थानों में लंबित कांडों की व्यापक समीक्षा बुधवार की देर रात की। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, अनुसंधान में तेजी लाने तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। दाउदनगर थाना का निरीक्षण करने के बाद एसपी अंबरीश राहुल ने इसे विशेष निगरानी के तहत गोद लिया है, ताकि यहां पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी एवं जवाबदेह बनाया जा सके। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना, पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा अपराध नियंत्रण को और सशक्त करना है। एसडीपीओ अशोक कुमार दास, पुलिस इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए समन्वित कार्रवाई पर जोर दिया।

### एफएलएन उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर पासवान की अध्यक्षता में एफएलएन उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन आरबीआर हाई स्कूल में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विभाग बेहतर वर्ग कक्ष संचालन को लेकर लगातार प्रयासरत है तथा विद्यालयों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास करें।


**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Surya Kumar Sharma,** S/O Vishwanath Sharma, Near Tripolia, Pathri Ghat, Chai Tola, Patna City, Pin-800007

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

*Name of Constituency: Bye election to the Legislative council 2026

I **Surya Kumar Sharma** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 Pending | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 | रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | Bye election to the Legislative council 2026 | Sri Surya Kumar Sharma | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | Do | Do | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | Do | Do | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

# कचरा उठाव हेतु खराब पड़े ई-रिक्शा एवं पी-रिक्शा की शीघ्र कराएं मरम्मत : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 217 ई-रिक्शा एवं 2888 पी-रिक्शा पंजीकृत हैं। जिनमें वर्तमान में बहुत सारे ई-रिक्शा खराब रहने की सूचना दी गई। डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण की प्रगति की समीक्षा में जानकारी दी गई कि जिले के 94.47 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं 90.51 प्रतिशत वार्डों में 'स्वच्छता मित्र ऐप पर नियमित रूप से कचरा उठाव की प्रविष्टि की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अकार्यरत ई-रिक्शा एवं पी-रिक्शा की शीघ्र मरम्मति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ताकि पंचायतों में कचरा संग्रहण कार्य बाधित न हो। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 197 इकाइयों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित था, जिनमें से 191 इकाइयाँ पूर्णतः क्रियाशील हैं। मटिहानी, बलिया एवं बेगूसराय प्रखंडों में कुछ इकाइयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लंबित इकाइयों का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। ओडीएफ प्लस मडल गांवों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जिले के 700 लक्षित गांवों में से 639 गांवों को ओडीएफ प्लस मडल घोषित किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने शेष 61 गांवों को भी शीघ्र ओडीएफ प्लस मडल घोषित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में गोवर्धन योजना अंतर्गत तेघड़ा प्रखंड के बरौनी पंचायत में संचालित 180 घन मीटर क्षमता वाले बायोगैस प्लांट की प्रगति की सराहना की गई। बताया गया कि उक्त संयंत्र से जैविक खाद का उत्पादन एवं विक्रय सफलतापूर्वक किया जा रहा है। बैठक में निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## कचरा प्रबंधन योजना कागजों तक हुई सीमित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** सरकार द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही कचरा प्रबंधन योजना, नावकोठी प्रखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। लचर प्रचार-प्रसार और समुचित व्यवस्था के अभाव में प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में कचरे की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। स्थिति यह है कि गांवों की गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों, विद्यालय के आस पास कचरे के ढेर लगा हुआ हैं, जिससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अगर कहीं बारिश आ गया तब तो यह कचरे की दुर्गंध लंबी दूरी तय कर लेती है। इस समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं दिख रही है। प्रखंड में कचरा निस्तारण के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए से अधिक के वायु प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) इकाई का निर्माण कराया गया है, लेकिन विडंबना यह है कि पंचायतों से उस इकाई तक कचरा पहुंच ही नहीं पा रहा है। कचरा संग्रहण के लिए न तो पर्याप्त वाहन उपलब्ध हैं और न ही नियमित रूप से डोर-टू-डोर कलेक्शन की व्यवस्था लागू हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छता अभियान के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए कोई प्रभावी प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। जिसके कारण अधिकांश लोग कचरे का उचित निपटान नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर भी लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कचरा उठाव की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, प्रचार-प्रसार को मजबूत किया जाए तथा वायु प्रसंस्करण इकाई को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए। इस संबंध में प्रखंड प्रशासन का कहना है कि योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और जल्द ही स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो सरकार की स्वच्छता अभियान की मंशा अधूरी ही रह जाएगी और ग्रामीणों को गंद्गी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ेगा।

# दुग्ध समितियों के संचालन को सुदृढ़ करने को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड में बुधवार को बरौनी डेयरी रूट संख्या 8 एवं 20 की रूट बैठक नागरगामा बीएमसीयू में आयोजित की गई। बैठक में प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल के सदस्यगण, प्रबंधक (प्रापन), कार्यपालक (प्रापन), क्षेत्र प्रभारी, प्रापन सहायक एवं सुधामित्र उपस्थित थे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य दुग्ध समितियों के संचालन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना तथा संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करना था। इस क्रम में प्रबंध निदेशक के द्वारा पशुप्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत पशुपालन के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि करने के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रबंधक प्रापण द्वारा पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित किसानों एवं सदस्यों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से सुना गया। तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समग्र रूप से बैठक का वातावरण अत्यंत सहयोगात्मक, सकारात्मक एवं प्रेरणादायक रहा। जिससे सभी प्रतिभागियों में उत्साह एवं विश्वास का संचार हुआ।

# बच्चों को मिलेगा अब शुद्ध पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना में बच्चे बच्चियों को शुद्ध एवं शीतल जल पीने के लिए गुरुवार को आरओ लगाया गया। इसका विधिवत शुभारंभ भूमिदाता सुरेश यादव ने फीता काट कर तथा नारियल फोड़ कर किया। प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने बताया कि विद्यालय कोष की राशि से बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये 100 क्षमता वाला आर ओ मशीन लगाया गया। भूमि दाता सुरेश यादव ने बच्चों को नियमित स्कूल आने तथा मन से पढ़ाई करने की सलाह दी। बच्चों को लड्डू खिलाकर शीतल पानी पिलाकर इसका विधिवत शुरूआत किया गया। इससे बच्चों में हर्ष है। शिक्षिका समर शिरीन, दीक्षा श्रीवास्तव, इंदु कुमारी, शिक्षक अभिमन्यु कुमार पासवान, विनय कुमार, मिथिलेश राम, दर्शन कुमार, मनीष कुमार आदि ने बच्चों के द्वारा पानी पीकर खुशी जाहिर की। मौके पर ग्रामीण वंशराज यादव, हरेराम महतो, सुनील रजक, आदि मौजूद थे।

# पंचायतों में होने वाले सहयोग शिविर का करें प्रचार-प्रसार : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम आरटीपीएस के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान तेघड़ा अंचल में एक मामला निर्धारित समयावधि के बाद भी लंबित पाया गया, जिस पर जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी तेघड़ा को अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त मामलों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित 60 दिनों की समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित लोक प्राधिकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध अनुपालन हो। निकाय क्षेत्रों की समीक्षा के क्रम में बखरी नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा डग पाउंड, एसटीपी, एफएसटीपी एवं मोक्षधाम निर्माण से संबंधित जमीन उपलब्ध कराने एवं एनओसी लंबित रहने की जानकारी दी गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारी को शीघ्र भूमि चिन्हित करते हुए एनओसी निर्गत करने का निर्देश दिया। वहीं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा में पाया गया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में सर्वाधिक 19 मामले लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने इन मामलों की जाँच कर शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों, जीविका समूहों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभियान संचालित करने को कहा।जिला पदाधिकारी ने बताया कि एचपीवी टीका बच्चियों को सर्विकल कैसर से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बच्चियों को एचपीवी टीका अवश्य दिलवाएं। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम बेगूसराय, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विभागीय जाँच, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विभिन्न निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बखरी विधायक संजय कुमार दुबारा बने मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नावकोठी।** बखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार को सम्राट मंत्रिमंडल में पुनः स्थान मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके दोबारा मंत्री बनने की खबर मिलते ही एनडीए घटक दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। विभिन्न दलों के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए शुभ संकेत बताते हुए संजय कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।स्थानीय नेताओं का कहना है कि संजय कुमार को दोबारा मंत्री पद मिलने से बखरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। लंबे समय से लंबित सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को अब तेजी से पूरा किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। लोगों ने विश्वास जताया कि मंत्री के रूप में उनका अनुभव क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ दास ने कहा कि संजय कुमार को दोबारा मंत्री बनाना क्षेत्र की जनता के विश्वास और उनके कार्यों की स्वी.ति का परिणाम है। वहीं मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, मुकेश महतो, कपिल देव पोद्दार एवं नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि इससे बखरी विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिलेगी।दीपक कानू, मनीष पाठक, ने कहा कि संजय कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तथा आम लोगों को इसका लाभ मिलेगा।इधर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय एवं दिवाकर पासवान सहित अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएं पूरी होंगी।

# संभागीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा में आयोजित संभागीय खेल प्रतियोगिता (आरएसएम 2026) का गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। 4 मई से 6 मई तक तीन दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने अनुशासन, उत्साह, टीम भावना एवं उत.ष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। जिनमें खिलाड़ियों ने जीत के लिए शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबल बालक वर्ग अंडर-17 प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गढ़हरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जमालपुर द्वितीय तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मोकामा तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-14 वर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बरौनी संख्या-2 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हैंडबल बालक वर्ग अंडर-17 के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजीव कुमार की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं आयोजन समिति के समन्वय से सभी प्रतियोगिताएँ सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में पूरे विद्यालय परिवार का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने पूर्ण समर्पण एवं सहयोग की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार सिंह, खेल शिक्षक, केंद्रीय विद्यालय मोकामा घाट तथा खेल शिक्षक अमीय अभिलाष दत्त की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को विकसित करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को खेलों के प्रति निरंतर समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

# आंगनबाड़ी केंद्रो पर गर्भवतियों की कराई गई गोद भराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एलएस शालिनी कुमारी ने उपस्थित माताओं को गर्भवती महिला एवं बच्चों की देखभाल के लिए विस्तृत जानकारी दी। सेविका रोजी खातुन ने बताया कि इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी हो जाती है। गोदभराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की आवश्यकता है। गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भस्थ शिशु की उचित देखभाल करने को प्रेरित किया गया। माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने के लिए गर्भवती के साथ परिजनों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देने का आह्वान किया गया। बेहतर पोषण एक स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ मृत्यु दर में कमी भी लाता है। इस अवधि में गर्भवती महिलाओं को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। उन्हें आहार में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट के साथ वसा की जरूरत होती है। उन्हें अपने भोजन में हरी सब्जी, सतरंगी फल, दाल, सूखे मेवे एवं दूध को शामिल करने की अपील की। एलएस कुमारी कृष्णा की मौजूद्गी में सेविकाओं में पूनम कुमारी, मीना कुमारी, मंजू कुमारी, पूनम देवी, निभा कुमारी, राधा कुमारी, रानी, मीनू विभा आदि ने परम्परागत तौर पर लाल चुनरी ओढ़ाकर गोदभराई की। गर्भवती महिला को अनाज, फल, सब्जी, फोलिक एसिड एवं आयरन के टेबलेट सहित अन्य विटामिन युक्त सामग्री से गोदभराई की गयी। मौके पर सेविका प्रमिला कुमारी, रोजी खातुन, काजल कुमारी, मीना, बिन्दु, मधु रानी, शोभा, रंजू, गर्भवती महिलाएं सहित अन्य अभिभावक महिलाएं मौजूद थीं।

# रामकृपाल यादव : छात्र राजनीति से राष्ट्रीय नेतृत्व और मंत्री पद तक का लंबा, संघर्षपूर्ण और प्रभावशाली राजनीतिक सफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरुआत कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत और स्थायी पहचान बनाई है। श्री यादव लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक दक्षता और व्यापक जनसंपर्क के कारण राज्य के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा कोटे से रामकृपाल यादव ने आज मंत्री पद की शपथ ली। वे इससे पहले भी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रह चुके हैं और विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। 12 अक्टूबर 1957 को पटना में जन्मे रामकृपाल यादव ने मगध विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे और यहीं से उनके राजनीतिक जीवन की नींव पड़ी। उन्होंने अपनी शुरुआती राजनीतिक यात्रा पटना के उप-महापौर के रूप में शुरू की, जहां से उन्होंने प्रशासनिक और संगठनात्मक अनुभव हासिल किया। इसके बाद वे धीरे-धीरे बिहार की राजनीति में मजबूत होते गए और विधान पार्षद, लोकसभा सांसद, राज्यसभा सांसद तथा केंद्रीय मंत्री तक का सफल राजनीतिक सफर तय किया। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दानापुर सीट से चुनाव लड़कर एक बार फिर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया और राजद के तत्कालीन विधायक रीतलाल यादव को पराजित किया। इस जीत के बाद उन्हें नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में कृषि मंत्री बनाया गया, जहां उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर काम किया। अब उन्हें सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल में एक बार फिर मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# श्रेयसी सिंह : अंतरराष्ट्रीय शूटर से बिहार की मंत्री तक का शानदार सफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की चर्चित युवा नेत्री एवं अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह खेल से लेकर राजनीति तक का सफल और प्रेरणादायक रास्ता तय कर एक अलग पहचान बनाई है। सुश्री सिंह कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया और अब वह राज्य की राजनीति में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी कोटे से श्रेयसी सिंह ने आज मंत्री पद की शपथ ली। वे इससे पहले भी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रह चुकी हैं और प्रशासनिक कार्यों का अनुभव रखती हैं। श्रेयसी सिंह का जन्म 29 अगस्त 1991 को एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता दिग्विजय सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता रहे हैं, जबकि उनकी माता पुतुल कुमारी भी पूर्व सांसद रह चुकी हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ परिवार में खेल का भी मजबूत माहौल रहा, जिसने उनके व्यक्तित्व को प्रभावित किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल से प्राप्त की और इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। बचपन से ही उन्हें खेलों, विशेषकर निशानेबाजी में गहरी रुचि थी। उनके पिता राष्ट्रीय राइफल महासंघ के अध्यक्ष रहे और इस कारण उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। श्रेयसी सिंह ने निशानेबाजी को अपना करियर बनाते हुए ओलंपिक शूटिंग में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते और देश का गौरव बढ़ाया। श्रेयसी ने वर्ष 2020 में भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर सक्रिय राजनीति की शुरुआत की। उसी वर्ष वे जमुई विधानसभा सीट से विधायक चुनी गईं और क्षेत्र के विकास, युवाओं के मुद्दों तथा खेल से जुड़े विषयों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभाती रहीं। वर्ष 2025 में भी उन्होंने जमुई सीट से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की, जिससे उनकी लोकप्रियता और जनाधार और मजबूत हुआ। इसके बाद उन्हें बिहार सरकार में खेल विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का मंत्री बनाया गया।

# अपग्रेडेड यात्री आरक्षण प्रणाली में रेल गाड़ियों की होगी शिफ्टिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में 40 साल पुरानी आरक्षण प्रणाली में अपग्रेडेड सिस्टम पर गाड़ियों की शिफ्टिंग होते समय यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। 1986 में शुरू हुई इस प्रणाली में पिछले 40 साल में कई छोटे बदलाव किए गए, लेकिन अब इसमें आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसके क्षमता का विस्तार किया गया है। रेल आरक्षण प्रणाली ने कई महत्वपूर्ण पड़ाव देखें है -वर्ष 2002 में भारतीय रेलवे ने प्रयोग शुरू किया। आज ये प्रणाली इतनी लोकप्रिय है कि देश की ज्यादातर आबादी खिड़की की ओर रुख नहीं करती। देश में आज जितनी भी टिकटिंग की मांग है उसका बड़ा हिस्सा ऑनलाइन माध्यम से होता है। भारतीय रेल का मोबाइल ऐप रेलवन यात्रियों के बीच बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रेलवन ऐप की शुरुआत पिछले साल जुलाई में हुई थी। एक साल से कम समय में ही देशभर में अब तक 3.5 करोड़ डाउनलोड हो चुके हैं। इस ऐप के लोकप्रिय होने के कई कारणों में से सबसे बड़ा कारण यह है कि यह ऐप देश के आम आदमी को रेल संबंधी सभी जानकारियां तो देता ही है, टिकटिंग तथा अन्य सेवाओं से जुड़ी उनकी शिकायतों का भी निपटारा करता है। आज जब आप अपनी टिकट बनाते हैं तो रेलवन ऐप आपको यह बताता है कि आपकी वेटिंग में दिख रही टिकट कन्फर्म होगी या नहीं। टिकट के कन्फर्म होने की सटीक संभावना भी अब आपको एआई के माध्यम से रेलवन ऐप बताने लगा है। यह नई सुविधा इस साल की शुरुआत से ही लागू की गई है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। रेलवन ऐप पर वेटिंग टिकट के कन्फर्म होने के अनुमान की सटीकता पहले के 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। रेलवन ऐप में इस तरह की कई एकीकृत एवं आधुनिक सुविधाएँ हैं, जो रेल संबंधी अन्य सभी सेवाओं को भी अपने में समाहित किए हुए हैं। जैसे - आरक्षित, अनारक्षित तथा प्लेटफॉर्म आदि विभिन्न प्रकार के टिकटों की बुकिंग, रद्दीकरण तथा रिफंड। इस के साथ साथ आपके हमारे मौजूदा टिकट की वेटिंग की ताजा स्थिति, ट्रेन के आने जाने का समय, ट्रेन की मौजूदा स्थिति रेल मदद जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ हैं। अपनी यात्रा के दौरान आप अपना द्धधधद भी रेलवन एप पर ऑडर कर सकते हैं। आरामदायक व सेवापरक सुविधाओं से लैस यह रेलवन एप तेजी से लोकप्रिय हो रहा है ।इसके साथ-साथ आपके मौजूदा टिकट की वेटिंग स्थिति की ताज़ा जानकारी, ट्रेन के आने-जाने का समय, ट्रेन की वर्तमान स्थिति, ट्रेन के आने-जाने का प्लेटफॉर्म, आपके कोच की स्थिति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रेलवन ऐप पर उपलब्ध हैं। अपनी यात्रा के दौरान आप रेलवन ऐप पर भोजन भी ऑर्डर कर सकते हैं। यह ऐप आपको यह सुविधा देता है कि आपकी सीट तक आपका मनपसंद खाना पहुँच सके। आरामदायक एवं सेवापरक सुविधाओं से लैस यह रेलवन ऐप तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रोज़ाना इस थ्ध्‍ के माध्यम से देश भर में 9.29 लाख टिकिटे थ्धधद्म हो रही हैं। इसमें 7.2 लाख टिकटें अनारक्षित तथा अन्य 2.09 लाख आरक्षित टिकटें हैं। अनारक्षित टिकटों में प्लेटफार्म टिकट भी शामिल है। देश में यात्रियों के लिए भारतीय रेल एक जीवन रेखा है - भारतीय रेल ने 2024-25 में यात्रियों के टिकटों पर 60,239 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी। यह रेलवे पर यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 43% की छूट के बराबर है।

# भागलपुर-नवगछिया में वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव की संयुक्त अध्यक्षता में भागलपुर-नवगछिया वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने एसपी सिंगला कंपनी के प्रतिनिधियों को दोनों ओर के घाटों तक पहुंच मार्ग को समतल, दुरुस्त एवं सुलभ बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक, कृषक, कर्मचारी एवं पदाधिकारी सहित आमजन बरारी घाट से महादेवपुर घाट तक इसी वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करेंगे, इसलिए यातायात व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाया जाए। उन्होंने संबंधित दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि मोटर बोट के डबल स्टोरी (दो मंजिला) भाग पर यात्रियों को नहीं बैठाया जाए। केवल चालक



एवं क्रू मेंबर ही वहां रहेंगे। नगर निगम को घाटों पर प्रतिदिन तीन बार साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा फुटकर विक्रेताओं को अपनी दुकानों के समीप डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया। महादेवपुर घाट पर अतिरिक्त टेंट की व्यवस्था करने को कहा गया। डॉ चौधरी ने निर्देश दिया कि एसडीआरएफ की टीम दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ लगातार जल मार्ग में गश्ती करती रहे। घाट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल बैज लगाकर ड्यूटी करेंगे। क्रूज से यात्रियों के उतरने के समय भीड़ नियंत्रण हेतु अतिरिक्त पुलिस बल एवं आपदा मित्रों का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लगभग तीन से साढ़े तीन मीटर चौड़ा स्कैफोल्डिंग ब्रिज शीघ्र तैयार कर लिया जाएगा। इसके संचालन के दौरान ट्रैफिक रेगुलेशन की आवश्यकता होगी, जिसमें एक ओर से वाहनों के आवागमन के दौरान दूसरी ओर वाहनों को रोका जाएगा। संबंधित पदाधिकारियों को इसके लिए मानसिक एवं प्रशासनिक रूप से तैयार रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि कहलगांव से तीनटंगा गोपालपुर जलमार्ग के माध्यम से ट्रक एवं छोटी गाड़ियों का परिचालन कराया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया को तीनटंगा से एनएच तक मार्ग का निरीक्षण कर उपयुक्त मार्ग का सुझाव देने का निर्देश दिया गया। आवश्यकतानुसार उक्त मार्ग का तत्काल निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जाएगा। एसपी सिंगला कंपनी को अतिरिक्त सुरक्षित घाट विकसित करने का निर्देश दिया गया। वहीं भागलपुर- सुल्तानगंज-मुंगेर मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं बने, इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर भागलपुर, परियोजना निदेशक एनएचआई एवं एमवीआई को फोरलेन मार्ग का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। यदि कहीं बिजली के तार ऊंचे वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे हों तो उन्हें हटाने या ऊंचा कराने तथा बड़े वाहनों के वैकल्पिक मार्ग का निर्धारण करने को कहा गया। सभी प्रकार के अवरोधों को दो दिनों के भीतर हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक नवगछिया राजेश कुमार ने नाव चालकों को प्रशिक्षण दिलाने का सुझाव दिया। घाटों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के लिए बैज उपलब्ध कराने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी सदर भागलपुर को दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घाटों पर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर टीम भावना के साथ कार्य करें। सुबह एवं शाम के समय यात्रियों की अधिक भीड़ रहती है, इसलिए थानाध्यक्ष बरारी एवं थानाध्यक्ष जीरोमाइल को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने महादेवपुर घाट से जाह्नवी चौक तक तथा बरारी घाट से भागलपुर शहर के विभिन्न स्थानों तक टोटो एवं ऑटो का किराया निर्धारित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया एवं भागलपुर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी को दिया।

# 17 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत में एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतिका की पहचान घोराघाट वार्ड नंबर 1 निवासी मो. गयासुद्दीन के 17 वर्षीय पुत्री चांदनी खातून के रूप में हुई है। मृतिका के परिजनों के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे पड़ोस के युवक कासिफ उर्फ नन्हे ने चांदनी को उस वक्त गोली मार दी जब वह अपने कमरे में छोटी बहन के साथ लेटी हुई थी। गोली चलने एवं छोटी बहन के चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवती को सदर अस्पताल फारबिसगंज भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार आज ही युवती को देखने के लिए लड़के वाले आने वाले थे, इसी बीच युवक ने घटना को अंजाम दिया। फारबिसगंज पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई है मामले पर किसी पुलिस पदाधिकारी का बयान अब तक सामने नहीं आ पाया है।

## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** टाटा ट्रस्ट के सहयोग से नीड्स संस्था द्वारा मातृ, नवजात एवं बाल शिशु पोषक को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सीडीपीओ रजनी कुमारी की अध्यक्षता में की गई। आयोजित शिविर में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के दर्जनों मौजूद रही सेविका को गृह भ्रमण को प्रभावी बनाने हेतु फ्लिप बुक टूल दिया गया। मौके पर महिला परिवेक्षिका उषा कुमारी, प्रखंड समन्वयक सुभाष कुमार, अजित मौर्य आदि थे।

## हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिला के एक न्यायालय ने हत्या के आरोप में एक युवक को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक पूनम झा ने गुरुवार को बताया कि बेनीपुर व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार गुप्ता की अदालत ने महिनाम गांव निवासी ठाक्को झा को पड़ोसी हरिश्चंद्र झा की हत्या करने का दोषी मानकर भारतीय दंड विधान की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। श्रीमती झा ने बताया कि 26 नवम्बर 1999 को उच्च विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महिनाम गांव निवासी हरिश्चंद्र झा की हत्या भूमि विवाद में ठक्को झा के द्वारा जानलेवा हमला करने के दौरान हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी रीता देवी के आवेदन पर बहेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस कांड में हमलावर बड़े भाई ठक्को झा और उनकी पत्नी श्यामा देवी सहित कई अन्य पांच लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस ने कांड का अनुसंधान करने के बाद ठक्को झा एवं उनकी पत्नी के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। 27 वर्ष के बाद हत्यारे भाई को आज सजा सुनायी है। उनकी पत्नी को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया है।

# दो उर्वरक प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति रद्द, दो निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वैशाली।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशानुसार जिले में किसानों को उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की निगरानी के उद्देश्य से थोक एवं खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों के गोदामों में भंडारित उर्वरकों की मात्रा का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक सह कृषि समन्वयक द्वारा विभिन्न थोक उर्वरक प्रतिष्ठानों के गोदामों का निरीक्षण दैनिक रूप से किया जा रहा है तथा पॉश स्टॉक एवं भंडार पंजी से मिलान करते हुए उर्वरकों की उपलब्ध मात्रा का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण पाया गया। उपलब्ध स्टॉक के अनुसार जिले में लगभग यूरिया - 13688.82 मीट्रिक टन, डीएपी - 7,933.30 मीट्रिक टन, एमओपी S 4356.77 मीट्रिक टन, एनपीकेएस- 13,827.52 मीट्रिक टन सहित अन्य उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध पाया गया। कुल मिलाकर जिले में कुल 42008.99 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जिससे किसानों को उर्वरक की कमी नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा उर्वरकों के भंडारण की स्थिति, स्टॉक रजिस्टर का संधारण, उर्वरक वितरण की प्रक्रिया तथा किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। संबंधित प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया गया कि उर्वरकों का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा किसी भी स्थिति में कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य वसूली की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। विगत माह एवं आज तक कुल 314 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में 46 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाई गई है। जिसमें से 2 पर प्राथमिकी, 11 की उर्वरक प्राधिकार पत्र को रद्द, 18 का अनुज्ञप्ति निलंबन एवं शेष से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई। मे0 अभिनंदन खाद बीज भंडार, शुभई, हाजीपुर एवं मेसर्स गौरव खाद बीज भंडार, विदुपुर के द्वारा उर्वरक व्यापार में अनियमितता, कृषकों के नाम पर यूरिया उर्वरक की बिक्री कर कालाबाजारी के आरोप में अनुज्ञप्ति रद्द की गई है। मे0 आशा कृषि उद्यमी केंद्र, लोदीपुर गोरौल एवं मेसर्स पिंकी कृषि उद्यमी सेवा केंद्र, लावापुर, महनार को अनियमितता बरतने के कारण अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है। जिला पदाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें तथा समय-समय पर गोदामों का निरीक्षण करते रहें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए और यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषि कार्य के लिए उर्वरकों की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है तथा किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सीएचसी चांदन में आज गुरुवार को टीबी रोगियों के बीच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशिष कुमार के अध्यक्षता में निक्षय मित्र के बीच कीट का वितरण किया गया। डॉ आशीष कुमार ने बताया विभागीय निर्देश के तहत देश को 2026 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य था। जिसे बढ़ाकर 2030 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रकखा गया है। साथ ही उन्होंने बताया सरकार के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में निर्णय लिया गया है कि टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान कर गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों में निरक्षर दिवस मनाया जाता है। मौके पर डॉ रजनीश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ परशुराम सिंह एवं राइज अगेंस्ट हंगर (एनजीओ) के द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों के बीच पोष्टिक आहार वितरण किया गया। मौके पर सिन्धु कुमारी, सीएचसी डाटा ऑपरेटर निशांत कुमार, सीताराम कुमार, सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।


बिहार सरकार

कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद

पुर्नअति अल्पकालिन आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के शेष 10 माह के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–25.05.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरुपेण अंकित हैः–

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 69,00,000.00 | 6,90,000.00 |
| 2. | रामाबांध बस स्टैण्ड एवं दानी बिगहा बस स्टैण्ड को छोड़कर और NH से गुजरनेवाले वाहनो को छोड़कर शहर में प्रवेश करनेवाले मालवाहक टेम्पो एवं अन्य वाहनों से दैनिक चुंगी कर की वसूली एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 29,33,400.00 | 2,95,000.00 |

1.वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–

**सैरात सं0–1 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | टेम्पो/टोटो | 15.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |

**सैरात सं0–2 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | मालवाहक टेम्पो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | ट्रैक्टर/चार चक्का टेम्पो | 40.00 रू0 दैनिक |
| 3. | छोटी बस/ट्रक/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 4. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |
| 5. | दस चक्का ट्रक | 100.00 रू0 दैनिक |
| 6. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 7. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

1. डाक/बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
2. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक–25.05.2026 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगली तिथि दिनांक–26.05.2026 एवं 27.05.2026 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।

विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 002647 ( B & C ) 2026-27

मुख्य पार्षद
नगर परिषद् औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# अवैध ब्रेकर से लोग परेशान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माली से नबीनगर जाने वाला मुख्य पथ पर अवैध ब्रेकर होने से इन दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बता दें कि करीब 30 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बने अवैध व अनियंत्रित ब्रेकर व उभरे गड्ढों से आवागमन करने में परेशानी हो रही है। हालत यह है कि वाहन चालकों को 100 मीटर पर ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होने के साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ जाता है। माली गांव निवासी प्रिंस कुमार सहित कहते हैं कि 30 किमी की दूरी में करीब 80 से अधिक ब्रेकर है जिसमें से अधिकांश मानक के अनुरूप नहीं हैं।

# जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को सही एवं पूर्ण जानकारी कराएं उपलब्ध : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वैशाली।** जिला पदाधिकारी, वैशाली सह प्रधान जनगणना अधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं प्रगणक कार्यों का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। जनगणना कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी द्वारा लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला पदाधिकारी जनगणना कार्य में आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। साथ ही जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों, सुपरवाइजरों एवं अन्य कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित कर रही हैं। उनके इसी सक्रिय प्रयास एवं सतत मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप स्वगणना कार्य में भी वैशाली जिले का राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इसी क्रम में विगत दिनों जिला पदाधिकारी द्वारा हाजीपुर शहरी क्षेत्र तथा भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अकबर मलाही के ग्राम शंभूपुर स्थित महादलित बस्ती में संचालित जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए उन्हें चरणबद्ध, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपादित करने का निर्देश दिया गया। महादलित बस्ती में भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा स्थानीय महिलाओं एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं एवं जनकल्याणकारी नीतियां तैयार की जाती हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही, पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी संकलित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मियों को आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जागरूकता बढ़ाने का निर्देश भी दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना से संबंधित सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं।

जिले में लगातार हो रहे निरीक्षण, संवाद एवं मॉनिटरिंग के कारण जनगणना 2027 के कार्यों में तेजी आने के साथ-साथ पारदर्शिता, जवाबदेही एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित हो रही है।


बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

लोक–सुनवाई की सूचना

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष निम्नलिखित बालू घाटों का अरवल जिला में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन हैः–

1. श्री उमेश गुप्ता, पिताः श्री महेन्द्र साव, पता–मानपुर, गेरे रोड, रेलवे ओभर ब्रिज, बुनियादपुर, मानपुर, जिला–गयाजी, (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित, औरंगाबाद सोन–11 C बालू घाट, मौजा–अधौरा, पोस्ट+थाना–ओबरा, प्रखंड–ओबरा, जिला–औरंगाबाद; एवं

2. श्री पिन्टु कुमार, पिताः श्री रविन्द्र सिंह, ग्राम–बेला, पोस्ट–चिरियावाँ, थाना–अतरी, जिला–गयाजी, (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–15 A बालू घाट, मौजा–नवनेर (डीहरा), पोस्ट+थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद, राज्य–बिहार।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी है तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालकसार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

| क्रमांक | दिनांकः | समय | अंचल का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24.06.2026 | अपराहन 12:30 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | अधौरा | औरंगाबाद सोन–11 C | अंचल कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |
| 2. | 24.06.2026 | अपराहन 03:00 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | नवनेर (डीहरा) | औरंगाबाद सोन–15 A | अंचल कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेंगे।

सदस्य सचिव

PR- 002656 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ विकास की राह पर बढ़ेगा बिहार : रीमा सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता रीमा सिंह ने बिहार सरकार के नवगठित मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नया मंत्रिमंडल बिहार के विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को नई गति एवं नई ऊर्जा प्रदान करेगा। रीमा सिंह ने अपने जारी बयान में कहा कि मंत्रियों का अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और



जनसेवा के प्रति समर्पण राज्य को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार शिक्षा, रोजगार, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। विकसित, सुरक्षित, समृद्ध और गौरवशाली बिहार के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।

# ई. कुमार शैलेन्द्र और शैलेश कुमार के मंत्री बनाए जाने पर हर्ष



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार में जिले से बिहपुर विधायक ई. कुमार शैलेन्द्र और गोपालपुर विधायक शैलेश कुमार उर्फ बलो मंडल को मंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी भागलपुर जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व, केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमीत शाह एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इन दोनों के मंत्री बनने से भागलपुर जिले तथा लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। वहीं पार्टी के तिलकामांझी नगर मंडल में दोनों नये मंत्रियों के आवास रहने से आमलोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं में ज्यादा खुशी देखी जा रही है।

तिलकामांझी नगर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ शर्मा एवं जिला भाजपा की महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता गोस्वामी एवं प्रवक्ता लक्ष्मी देवी ने कहा कि कुमार शैलेन्द्र एवं बलो मंडल के मंत्री बनने से लंबे समय बाद अंग क्षेत्र को वाजिब हक मिला है और इससे विकास को गति मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहअध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आगामी 9 मई को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय के साथ-साथ जिले के सभी अनुमंडलीय न्यायालयों में भी किया जाएगा। इसके अंतर्गत तेघड़ा, बलिया, मंझौल तथा बखरी अनुमंडल न्यायालयों के अतिरिक्त रेलवे न्यायालय, बेगूसराय में भी लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है।माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया है कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाए।

# शौचालय विहीन महादलित परिवारों की हुई पहचान, योग्य लोगों को मिलेगा लाभ : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा की गई। समीक्षा के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रखंडवार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित कुल लक्ष्य 14,000 के विरुद्ध अब तक 866 शौचालयों का निर्माण किया गया है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सघन अभियान चलाकर योग्य लाभुकों की पहचान सुनिश्चित करें तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पोर्टल पर प्रविष्टि के उपरांत जियोटैगिंग कार्य में तेजी लाते हुए प्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रखंडों द्वारा महादलित टोलों में शौचालय विहीन परिवारों की पहचान की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे परिवारों का पुनः सत्यापन कराते हुए योग्य लाभुकों के लिए शीघ्र शौचालय निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का आगामी तीन दिनों के भीतर व्यय सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करें। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित प्रमुख हाट-बाजारों में नियमित साफ-सफाई एवं कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अक्रियाशील पैडल रिक्शा एवं ई-रिक्शा को अविलंब क्रियाशील कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, निदेशक, डीआरडीए अनुपम कुमार, डीपीओ मनरेगा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी जुड़े रहे।

# सहयोग शिविर में कराएं समस्याओं का निपटारा, योजनाओं का उठाएं लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 19 मई एवं 02 जून 2026 को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस क्रम में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें शिविर से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पंचायत सरकार भवन में जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने पंचायत सरकार भवन में जाकर अपनी समस्याओं का आवेदन समयपूर्व जमा करें ताकि समस्याओं का समाधान शिविर के दिन ही किया जा सके। सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में 19 मई (माह का तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होने वाले सहयोग शिविर अंतर्गत औरंगाबाद प्रखंड के फ़ेसर एवं खैरा मिर्ज़ा पंचायत, बारून प्रखंड के धमनी पंचायत, देव प्रखंड के हसौली पंचायत, मदनपुर प्रखंड के सलेया पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड के रिसियप पंचायत, नबीनगर प्रखंड के रामपुर एवं टण्डवा पंचायत, ओबरा प्रखंड के डिहरी पंचायत, दाउदनगर प्रखंड के तरारी पंचायत, गोह प्रखंड के डेहुरी पंचायत, हसपुरा प्रखंड के अहियापुर पंचायत तथा रफीगंज प्रखंड के चेंव एवं मेटनिया पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 02 जून को आयोजित होने वाले पंचायतवार सहयोग शिविर के अंतर्गत बारून प्रखंड के पिपरा एवं धनगाईं पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड के पड़रावां एवं खैरा बिन्द पंचायत, देव प्रखंड के पवई एवं खरकनी पंचायत, मदनपुर प्रखंड के पिपरौरा एवं वार पंचायत, रफीगंज प्रखंड के पौथु, इटार, लट्टा एवं कजपा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड के भरौंधा, कर्मा बसंतपुर, डुमरा एवं घेउरा पंचायत तथा नबीनगर प्रखंड के महुआंव एवं अंकोरहा पंचायत, ओबरा प्रखंड के तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड के शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड के हथियारा, बनतारा, अमारी एवं तेयाप पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड के पीरु एवं पुरहरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कृषि कार्यालय के लिपिक से चेन की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुमंडल कृषि कार्यालय में कार्यरत लिपिक से बाइक सवार दो बदमाशों ने दिन दहाड़े गले से सोने की चेन छिनतई कर फरार हो गए। घटना नगर थाना क्षेत्र के ब्लॉक परिसर के समीप की है। इस घटना को लेकर औरंगाबाद अनुमंडल कृषि कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत 56 वर्षीय पीड़िता माधुरी कुमारी ने बताया कि वह शहर के बाईपास के समीप रहती है, जहां से वह प्रत्येक दिन की तरह कार्यालय आ रही थी, इसी क्रम में सदर प्रखंड कार्यालय के समीप पैदल जाने के दौरान बाइक सवार दो अपराधी उनके पास पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे हुए अपराधी ने अचानक उनके गले से सोने की चेन झपट ली। घटना इतनी तेजी से हुई कि महिला कुछ समझ भी नहीं पाईं। चेन झपटते ही दोनों अपराधी बाइक से तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने अपराधियों को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वे भागने में सफल रहे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पीड़िता ने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिली है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# हर बार टूटता रहा मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी का सपना

## 21 वर्ष में मात्र 22 महीने मिला मंत्री का सुख | नौ बार रही है जदयू-भाजपा की सरकार

**उपेंद्र कश्यप/ नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** वर्ष 2005 में दूसरी बार अक्टूबर में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक भाजपा और जदयू की नौ बार सरकार बन चुकी है। प्रायः हर बार यह उम्मीद रही कि औरंगाबाद जिला को मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी मिलेगी। लेकिन 21 साल में मात्र 22 महीने की हिस्सेदारी से ही ‘मंत्री-सुख’ औरंगाबाद जिला के नाम अंकित है। इस बार भी ऐसी उम्मीद थी कि जब औरंगाबाद जिले के छह में पांच विधायक एनडीए से हैं तो शायद जिले की भागीदारी भी हो। लेकिन ऐसा न हो सका। वर्ष 2005 में जदयू भाजपा को तीन, राजद को दो और तब अलग चुनाव लड़ी लोक जनशक्ति पार्टी को एक विधायक मिला था। तब भी सरकार में औरंगाबाद जिले को हिस्सेदारी नहीं मिली। वर्ष 2010 में जिले के मतदाताओं ने जदयू व भाजपा के खाते में पांच और निर्दलीय को एक सीट दिया, तो उम्मीद फिर जगी कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल में किसी को जगह मिलेगी। तब औरंगाबाद से भाजपा के विधायक रामाधार सिंह बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री बनाए गए। लेकिन विवादों की वजह से वह मात्र 22 महीना ही मंत्री रह सके। सिर्फ 26 अगस्त 2011 से 16 जून 2013 यानी लगभग 22 माह। तब से लेकर आज तक औरंगाबाद जिले के किसी भी विधायक को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार राजद के साथ चले गए तो औरंगाबाद में मात्र दो विधायक भाजपा जदयू से जीते और महा गठबंधन को चार विधायक मिले। वर्ष 2020 में जब चुनाव हुआ तो औरंगाबाद जिला से एनडीए का सुपड़ा साफ हो गया। सभी छह सीट राजद और कांग्रेस के खाते में गए। तब औरंगाबाद के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल करने का प्रश्न ही नहीं था। जब 2025 में विधान सभा का चुनाव हुआ, तो इस जिले में एनडीए को पांच और महागठबंधन को मात्र एक विधायक मिला। जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने तो उम्मीद की गई कि इस बार हिस्सेदारी मिलेगी तब भी निराशा हाथ लगी और अब जब सात मई 2026 को एनडीए की सरकार चला रहे सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ तब भी कोई हिस्सेदारी नहीं मिली। इस 26 साल में जदयू के हाथ से सत्ता भले ही भाजपा के हाथ चली गई, लेकिन मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी का सपना अधूरा ही रह गया। वर्ष 2025 के चुनाव में ओबरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एलजेपीआर सुप्रीमो चिराग पासवान ने जो संकेत दिया था उससे यह उम्मीद जगी थी कि डा.प्रकाश चंद्र को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। ऐसा भी नहीं हुआ।

# फंदे से झूलता मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना अंबा थाना क्षेत्र के जीवा बिगहा के समीप एक ईंट भट्ठा की है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला अंतर्गत बिंदकी थाना क्षेत्र के सहबाजपुर बेहटा गांव के रहने वाले ज्ञान सिंह के रूप में की गई है। वह पिछले करीब चार महीने से ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार सुबह ईंट भट्ठा पर काम करने वाले कुछ मजदूरों की नजर बांस से लटके शव पर पड़ी। शव की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने डायल 112 और अंबा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद सबसे पहले देव थाना की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। बाद में पता चला कि घटनास्थल अंबा थाना क्षेत्र में पड़ता है। बताया जाता है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही ईंट भट्ठा पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने शव को फंदे से उतार लिया था। बाद में शव को घटनास्थल से लगभग 200 मीटर दूर ईंट भट्ठा परिसर में बने एक झोपड़ीनुमा कमरे में रख दिया गया। अंबा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# मंत्रिमंडल विस्तार पर पूर्व सांसद सुशील सिंह ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के एनडीए मंत्रिमंडल विस्तार समारोह में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी मंत्री परिषद सदस्यों को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा बिहार प्रभारी बिनोद तावड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है जो पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और नेतृत्व के प्रति जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि नई मंत्रिपरिषद राज्य में विकास योजनाओं को गति देने के साथ-साथ आम जनता की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरेगी। एनडीए सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है तथा बिहार को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी मंत्री परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनीष पाठक, आदित्य शेखर, प्रवीर सिंह, जुलेखा खातून, मुकेश सिंह, अनिता सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा,भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6595 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 7 मई 26 तक जिला में कुल नए 246 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 7 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# शहर में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुरानी जीटी रोड, एमजी रोड, रामाबांध बस स्टैंड, जसोईया मोड़, ओवरब्रिज क्षेत्र एवं अन्य प्रमुख यातायात प्रभावित स्थलों का भ्रमण कर जाम की समस्या, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, भारी वाहनों के अनियमित संचालन एवं सर्विस लेन के दुरुपयोग का विस्तृत आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एमजी रोड एवं ओवरब्रिज क्षेत्र में बहु-दिशात्मक यातायात, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, सर्विस लेन के अव्यवस्थित उपयोग तथा सड़क किनारे अनधिकृत ठहराव के कारण लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं रामाबांध बस स्टैंड के समीप बसों एवं भारी वाहनों के अनियमित पड़ाव के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।






# पत्तल निर्माण इकाई से बरोजगारों को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारों खासकर महिलाओं को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में नाबार्ड के सहयोग से जिले के मदनपुर प्रखंड के दर्जी बिगहा में पत्तल निर्माण उद्योग की स्थापना की गई है। गुरुवार को इसका उद्घाटन नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार सिंह और जिला विकास प्रबंधक कृष्ण कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नाबार्ड की ओर से किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गठित किसान उत्पादक महासंघ और मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी की पत्तल निर्माण उद्योग इकाई की स्थापना की गई है। इससे अत्यन्त सुदूरवर्ती इलाके में न केवल बेरोजगारी की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी बल्कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 50 से 60 बेरोजगारों को रोजगार तथा स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। इस कार्य में विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को जोड़ा गया है। इस अवसर पर एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष बी ठाकुर, सचिव प्रमानंद सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्ण पासवान, निदेशक पंकज कुमार सिंह, रामजन्म महतो, मुंशी प्रसाद मेहता, डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर अमित कुमार पाण्डेय, सीईओ रोहित कुमार ठाकुर, लेखापाल अंशु कुमार, विमला देवी, सोनी कुमारी, मुन्नी देवी,मधु देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# न्यायालय की अवमानना पर कुटुंबा एवं हसपुरा थानाध्यक्ष को शोकोज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने न्यायिक आदेश के अवहेलना करने पर दो थानाध्यक्ष को शोकोज किया है। दरअसल कुटुम्बा थाना कांड संख्या 154/22 एवं हसपुरा थाना कांड संख्या 160/22 में संबधित थानाध्यक्ष को आदेश दिया गया था कि बोर्ड द्वारा निश्चित किया गया तिथि को विधि विरूद्ध किशोर को बोर्ड में प्रस्तुत करें लेकिन, थानाध्यक्ष आदेश के अनुपालन में असफल रहे जिससे बोर्ड के उद्देश्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बोर्ड ने कहा कि किन परिस्थितियों में न्यायिक आदेश का अवमानना हो रहा है 22 जून को सदेह उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दाखिल करें।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# रामाबांध बस स्टैंड परिसर से हो बसों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के रामाबांध बस स्टैंड का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, ट्रैफिक डीएसपी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में बस स्टैंड परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बस स्टैंड को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाकर आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय उच्च पथ-139 के किनारे सड़क पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाए। साथ ही पुराने एवं अनुपयोगी वाहनों के निबंधन निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी तेज करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि सभी बसों का परिचालन बस स्टैंड परिसर से ही सुनिश्चित किया जाए तथा सड़क किनारे बस खड़ी कर यात्रियों को बैठाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए ताकि शहर में जाम की समस्या से निजात मिल सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा औरंगाबाद शहर को जाममुक्त करने हेतु एक समुचित कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।